


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791





वर्ष : 3, अंक : 178 रांची, गुरुवार, 11 जून, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 11, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### 108 एंबुलेंस सेवा में लापरवाही, दो डॉक्टर निलंबित

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने 108 एंबुलेंस सेवा की निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो चिकित्सकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुप तिर्की और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग के डॉ. शिशिर कुमार विनायक को 108 एंबुलेंस सेवा के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड की रिपोर्ट में सामने आया कि दोनों चिकित्सकों ने प्रतिनियुक्ति आदेश के बावजूद समय पर योगदान नहीं दिया। सौंपे गए दायित्वों में गंभीर उदासीनता बरती गई और उच्चाधिकारियों के निदेशों की भी अनदेखी की गई। विभाग ने प्रथम दृष्टया आरोपों को सत्य मानते हुए दोनों को निलंबित कर दिया।

### उरी सेक्टर में उपकरणों के रख-रखाव में ग्रेनेड फटा, दो जवान शहीद

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में मंगलवार को उपकरणों के रख-रखाव के दौरान एक हैंड ग्रेनेड फट गया। इस दर्दनाक हादसे में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने इस घटना की पुष्टि की है। बलिदानी जवानों की पहचान महाराष्ट्र के ऐरोली के रहने वाले चव्हाण विक्रम बालकृष्ण और महाराष्ट्र के सतारा जिले की कराड तहसील के शाहपुर के रहने वाले अर्जुन जाधव राजेंद्र के तौर पर हुई है। सैन्य अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा उरी सेक्टर के कमलकोट स्थित सेना के एक शिविर में हुआ। शिविर में सैन्य उपकरणों और हथियारों के नियमित हस्तांतरण का काम चल रहा था। इसी दौरान एक हैंड ग्रेनेड अचानक डिफ्यूज होने के बजाय फट गया। विस्फोट की चपेट में आने से ड्यूटी पर तैनात दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके के तुरंत बाद शिविर में अफरा-तफरी मच गई। साथी जवानों और अधिकारियों ने बिना वक्त गंवाए दोनों घायल जवानों को तुरंत वहां से निकाला और अस्पताल ले गए।

### राहुल गांधी के खिलाफ याचिका पर होगी सुनवाई

**वाराणसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भगवान राम को कथित रूप से काल्पनिक बताने संबंधी मामले में दायर याचिका पर अब दोबारा सुनवाई होगी। दरअसल वाराणसी की एमपी-एमएलए अदालत ने निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना गया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने मामले को पुनः निचली अदालत के पास भेजते हुए नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं। यह याचिका अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय द्वारा दायर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी ने अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर भगवान राम को काल्पनिक या पौराणिक बताया था। याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोड़ा पंडित नेहरू का ऐतिहासिक रिकॉर्ड, देश की राजनीति में रचा नया इतिहास

# निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पूरे किए 12 साल

**पंडित नेहरू चुनाव जीतकर 4398 दिन प्रधानमंत्री पद पर रहे थे, वहीं नरेंद्र मोदी ने बतौर निर्वाचित पीएम अपने कार्यकाल का 4399वां दिन पूरा किया**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने देश की राजनीति में एक नया इतिहास रच दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के सफल 12 साल पूरे हो गए हैं, जिसके साथ ही उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पीएम मोदी अब आजादी के बाद देश में निर्वाचित सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहने वाले राजनेता बन गए हैं। जहां पंडित नेहरू चुनाव जीतकर 4398 दिन प्रधानमंत्री पद पर रहे थे, वहीं नरेंद्र मोदी ने बतौर निर्वाचित पीएम अपने कार्यकाल का 4399वां दिन पूरा कर इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि और मोदी सरकार के 12 साल का कार्यकाल पूरा होने पर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी इस ऐतिहासिक मौके को भुनाने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देशव्यापी जश्न मना रही है। हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों को निर्देश दिया था कि भले ही सरकार 2014 से सत्ता में है, लेकिन वर्ष 2026 में हमारा पूरा ध्यान भविष्य के लक्ष्यों और जनता की भलाई पर केंद्रित होना चाहिए। इस तीन घंटे तक चलने वाली बैठक में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए एक विशेष बधाई प्रस्ताव पेश करेंगे, जिसका समर्थन नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो द्वारा किया जाएगा। इस ऐतिहासिक प्रस्ताव के पारित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए के सभी नेताओं को संबोधित कर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। वह देश में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुशासन और जनसेवा को अपना मूल मंत्र बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने विशेष संदेश में उन्होंने लिखा, जनसेवा ही सुशासन की सबसे बड़ी कसौटी है। विनम्रता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निरंतर कार्य करने वाला व्यक्ति ही जनविश्वास अर्जित करता है। इसके साथ ही उन्होंने शासन के प्राचीन आदर्शों को रेखांकित करते हुए एक संस्कृत सुभाषितम् भी साझा किया - सदानुरक्तप्रकृतिः प्रजापालनतत्परः। विनीतात्मा हि नृपतिर्भूयसी श्रियमश्नुते। इस श्लोक का गहरा अर्थ समझाते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जो जनप्रतिनिधि सेवा को अपना परम धर्म मानकर निरंतर जनहित में कार्य करता है, सुशासन के माध्यम से जनता की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करता है तथा विनम्रता व संयम के साथ विकास को लक्ष्य बनाकर समाज की उन्नति के लिए समर्पित रहता है, वास्तव में वही जनविश्वास, यश और समृद्धि प्राप्त करता है।

### भारत मंडपम में विशेष बैठक, एनडीए ने प्रधानमंत्री मोदी का किया सम्मान



**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक विशेष बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया। इस विशेष बैठक में भाजपा और एनडीए शासित 22 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा गठबंधन के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एनडीए नेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

**झालमुड़ी खाकर खुशी जाहिर की :** बैठक के बाद एक अनौपचारिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए नेताओं ने पश्चिम बंगाल का लोकप्रिय व्यंजन झालमुड़ी खाते हुए खुशी जाहिर की। पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने हाथों से झालमुड़ी परोसकर खिलाई। इस दौरान नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला।

## राज्य में 15 अक्टूबर तक बालू खनन और उठाव पर लगी रोक

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड में बुधवार से नदियों से बालू खनन और उसके उठाव पर प्रतिबंध लागू हो गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निदेशानुसार यह रोक 15 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। मॉनसून के दौरान नदियों के प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी 444 बालू घाटों को अगले चार महीनों के लिए बंद कर दिया गया है। इस अवधि में किसी भी नदी घाट से बालू खनन, उठाव या परिवहन की अनुमति नहीं होगी। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, हर वर्ष वर्षा ऋतु में यह प्रतिबंध लागू किया जाता है ताकि नदियों के पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान से बचाया जा सके और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो। 15 अक्टूबर के बाद परिस्थितियों की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई और खनन शुरू करने पर निर्णय लिया जाएगा।

### पीओके में बवाल के बीच सेनाध्यक्ष पहुंचे उत्तरी कमान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में खराब हुए हालात, पाकिस्तानी फौज की बर्बर कार्रवाई और सुलगते जनाक्रोश के बीच भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का उत्तरी कमान मुख्यालय पहुंचना महत्वपूर्ण रणनीतिक संकेत बताया जा रहा है। यह दौरा तब हुआ है, जब पीओके में लोगों पर गोलियां चल रही हैं, जबकि भारतीय सेना अपनी तैयारियों को धार दे रही है। भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने उधमपुर में मौजूद उत्तरी कमान मुख्यालय में अभियानगत तैयारियों, क्षमता विकास और आधुनिकीकरण अभियानों की गहन समीक्षा की।

## नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक आज, सीएम हेमंत होंगे शामिल

**केंद्र व राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाने पर होगी चर्चा**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



नई दिल्ली/रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल (शासी परिषद) की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को राष्ट्रपति भवन स्थित सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित होगी। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल एवं प्रशासक, केंद्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। झारखंड की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में भाग लेंगे।

इस वर्ष बैठक का विषय विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास रखा गया है। बैठक में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सुशासन, साझेदारी आधारित विकास तथा डेटा-आधारित प्रशासनिक प्रणालियों को मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को जमीनी स्तर पर ठोस और मापनीय परिणामों में बदलने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

नीति आयोग की मुख्य कार्यपालक अधिकारी निधि छिब्बर ने झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार को पत्र भेजकर बैठक के एजेंडे की जानकारी दी थी। वहीं नीति आयोग के उपाध्यक्ष की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बैठक में शामिल होने के लिए विशेष आमंत्रण भेजा गया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके साथ मुख्य सचिव अविनाश कुमार, योजना एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार, दिल्ली स्थित रेजिडेंट कमिश्नर अरवा राजकमल तथा योजना एवं विकास विभाग की अपर सचिव विजया जाधव भी बैठक में शामिल होंगे। बैठक में झारखंड सरकार राज्य के विकास, मानव संसाधन सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और आधारभूत संरचना से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष रखेगी। राज्य सरकार को उम्मीद है कि इस मंच पर उठाए जाने वाले मुद्दों से झारखंड की विकास योजनाओं को नई गति और दिशा मिलेगी।

### रिम्स में मेडिकल शिक्षा के विस्तार की बड़ी पहल

## यूजी, पीजी व सुपर स्पेशियलिटी सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में चिकित्सा शिक्षा और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से रिम्स, रांची में स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) तथा सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों की सीटों में व्यापक वृद्धि का प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को रिम्स निदेशक को पत्र भेजकर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है।

पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार की ओर से संचालित एक केंद्र प्रायोजित योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में यूजी, पीजी एवं सुपर स्पेशियलिटी सीटों की वृद्धि के लिए प्रति अतिरिक्त सीट लगभग 1.5 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना में कुल लागत का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार तथा 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। विभाग ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहले ही महात्मा गांधी मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमशेदपुर में यूजी सीटों को 150 से बढ़ाकर 250 तथा पीजी सीटों को 49 से बढ़ाकर 200 करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसी प्रकार शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद में यूजी सीटों को 100 से बढ़ाकर 250 तथा पीजी सीटों को 19 से बढ़ाकर 200 करने के प्रस्ताव को भी भारत सरकार की ओर से मंजूरी दी जा चुकी है। इसी क्रम में अब रिम्स, रांची के लिए भी महत्वाकांक्षी विस्तार योजना तैयार की जा रही है। प्रस्तावित योजना के अनुसार यूजी सीटों की संख्या 180 से बढ़ाकर 250, पीजी सीटों की संख्या 176 से बढ़ाकर 275 तथा सुपर स्पेशियलिटी सीटों की संख्या 11 से बढ़ाकर 100 करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को राज्यपाल की मंजूरी, चार नामों पर लगी मुहर

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए चार सदस्यीय पैनल को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा, तनुज खत्री, अमूल्य नीरज खलखो और भाजपा नेता शिवपूजन पाठक के राज्य सूचना आयुक्त बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राजभवन सचिवालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि राज्य सरकार ने इन चार नामों की अनुशंसा करते हुए प्रस्ताव राज्यपाल के अनुमोदन के लिए भेजा था। हालांकि प्रारंभिक स्तर पर राजभवन ने कुछ प्रक्रियागत आपत्तियां जताते हुए प्रस्ताव को वापस कर दिया था।

इसके बाद राज्य सरकार ने उन्हीं नामों के साथ पुनः प्रस्ताव भेजा और उठाई गई आपत्तियों पर अपना पक्ष स्पष्ट किया। राज्यपाल ने प्रस्ताव को कुछ शर्तों के साथ स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति भी जल्द सुनिश्चित की जाए, ताकि आयोग का कार्य प्रभावी और सुचारु रूप से संचालित हो सके। राज्यपाल ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार की प्रक्रियागत त्रुटि पाई जाती है अथवा उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन को लेकर कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसकी पूरा जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।

## रास चुनाव : परिमल नाथवानी का नामांकन मंजूर, कांग्रेस की आपत्ति खारिज

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी के नामांकन को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को समाप्त हो गया। दो दिनों तक चली जांच और सुनवाई के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने उनका नामांकन वैध मानते हुए मंजूर कर लिया। इसके साथ ही राज्यसभा चुनाव में उनके उम्मीदवार बने रहने का रास्ता साफ हो गया। दरअसल, नामांकन दाखिल करने के बाद उनके नाम को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। कुछ दस्तावेजों में उनका नाम परिमल नाथवानी जबकि कुछ में नाथवानी परिमल दर्ज था। इसी आधार पर कांग्रेस विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने आपत्ति दर्ज कराई थी। आपत्ति के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने नामांकन पर फैसला रोकते हुए मामले की जांच शुरू की थी। दस्तावेजों की समीक्षा और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नामांकन को वैध घोषित कर दिया गया।

### विधानसभा परिसर के बाहर राजनीतिक माहौल गरमाया

**इधर,** नामांकन को लेकर विधानसभा परिसर के बाहर राजनीतिक माहौल भी गरमा गया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने परिमल नाथवानी का नामांकन रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस का आरोप था कि चुनाव आयोग अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मानदंड अपना रहा है। पार्टी नेताओं ने दावा किया कि नामांकन पत्र में कथित खामियों के बावजूद नाथवानी को सुधार का अवसर दिया गया, जबकि अन्य राज्यों में तकनीकी आधार पर नामांकन रद्द किए गए हैं। विधानसभा गेट संख्या-2 के बाहर हुए प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ता विधानसभा परिसर के अंदर पहुंच गए, जिससे सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा कार्यकर्ता भी विधानसभा परिसर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक सी.पी. सिंह



ने कांग्रेस समर्थकों को परिसर में प्रवेश दिए जाने पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के आमने-सामने आने से विधानसभा परिसर के बाहर काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। एहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई और अधिकारियों ने लगातार निगरानी रखी। इस बीच रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में नामांकन पर सुनवाई जारी रही, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा, झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम तथा परिमल नाथवानी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आईईडी हमले की धमकी, संघ मुख्यालय समेत कई स्थानों पर कड़ी की गई सुरक्षा

एजेंसी

**नागपुर।** नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय सहित कई संवेदनशील स्थानों को आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से निशाना बनाने की धमकी वाला ई-मेल बुधवार को प्राप्त होने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। नागपुर और पुणे में संबंधित स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, खालिस्तान के नाम से भेजा गया यह धमकी भरा ई-मेल संदेश पुणे महापौर कार्यालय के आधिकारिक ई-मेल पते पर प्राप्त हुआ। ई-मेल में पुणे महापौर कार्यालय, नागपुर के कुछ महत्वपूर्ण स्थानों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पर आईईडी हमले की योजना होने का दावा किया गया था। धमकी की सूचना मिलते ही एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। नागपुर के महाल इलाका स्थित संघ मुख्यालय तथा रेशिमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार भवन परिसर में बम खोजी एवं निष्क्रिय दस्ता तैनात किया गया। लगभग 2 घंटे चली गहन जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। ई-मेल में हमले की कोई निश्चित तारीख या समय नहीं बताया गया है। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खुफिया विभाग और साइबर अपराध शाखा के अधिकारियों ने संयुक्त जांच शुरू कर दी है। सतर्कता के रूप में नागपुर स्थित संघ मुख्यालय सहित अन्य संवेदनशील सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# ग्रामीण विकास और पंचायतीराज योजनाओं की समीक्षा, लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मो. जावेद हुसैन के निर्देश पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रवीण कुमार प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मानव दिवस सृजन, पूर्ण एवं लंबित योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंडों में लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। मनरेगा के अंतर्गत लंबित ट्रेंच कम बंड (टीसीबी), फार्म पॉन्ड, स्टेट हाउस और दीदी बाड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जियो टैगिंग कार्यों की समीक्षा के दौरान शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उन्हें अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने स्वीकृत योजनाओं के निर्माण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने तथा लाभुकों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिए। पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान टाइड एवं अनटाइड फंड के पारदर्शी और प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। पंचायत भवनों की आवश्यकतानुसार मरम्मत, ज्ञान केंद्रों के सुचारु संचालन तथा पंचायत मेंटेनेंस फंड का जनहित में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना एवं अंबेडकर आवास योजना सहित अन्य आवासीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, लाभुकों को समय पर किस्त भुगतान सुनिश्चित करने तथा योजनाओं की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सदर अस्पताल का होगा जी प्लस 6 भवन मरीजों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन होने की संभावना है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह रामगढ़ पहुंचे तो उन्होंने सदर अस्पताल, ट्रामा सेंटर और यहां होने वाले विकास कार्यों पर गंभीरता से चर्चा की। रामगढ़ सदर अस्पताल में 250 अतिरिक्त बेड के लिए जी प्लस 6 भवन निर्माण पर हुई चर्चा की। साथ ही डीसी और सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रामगढ़ जिले का दौरा कर जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा आधारभूत संरचनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सबसे पहले अपर मुख्य सचिव ने कांकेबार स्थित ट्रॉमा सेंटर भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रॉमा सेंटर में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, उपकरणों और आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्रॉमा सेंटर के मॉड्यूलर सिस्टम को अपग्रेड करने का निर्देश दिया। साथ ही ट्रॉमा सेंटर भवन के प्रथम तल पर अतिरिक्त निर्माण कार्य कराए जाने की संभावनाओं एवं आवश्यकताओं पर भी चर्चा की गई।

## संक्षिप्त

### खलारी केडी बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन

**खलारी।** खलारी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय परिसर में बुधवार को स्थानीय व्यावसायिक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केडी बाजार क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण,अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था सुदृढ़ करने, यातायात प्रबंधन तथा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी ने व्यवसायियों के साथ आपसी समन्वय को और मजबूत करने पर बल दिया। वहीं व्यापारियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव भी दिए। पुलिस उपाधीक्षक ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। बैठक में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने, अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने तथा अपराध रोकथाम में जनसहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सभी प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं उन्हें नियमित रूप से संचालित रखने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित व्यवसायियों ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का संकल्प लिया। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों एवं व्यापारियों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

### केडीएच चेक पोस्ट पर अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई से हंगामा

**खलारी।** सीसीएल एनके एवं पिपरवार इकाई के अंतर्गत केडीएच चेक पोस्ट पर सीआईएसएफ द्वारा अवैध बालू परिवहन के खिलाफ की जा रही सख्त कार्रवाई के दौरान मंगलवार शाम स्थिति तनावपूर्ण हो गई। नियमित जांच अभियान के तहत सीआईएसएफ जवानों ने अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक टाटा-407 वाहन और एक ट्रैक्टर को रोककर जांच शुरू की। सूत्रों के अनुसार, दामोदर नदी क्षेत्र से लंबे समय से अवैध बालू खनन कर उसे स्थानीय बाजारों में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। इसी पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा बल द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# सांसद ने सुनी वार्डों में समस्याएं समाधान का दिया आश्वासन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय जिला कार्यालय में बुधवार को नगर पंचायत कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरपंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाम गौश ने की। यह बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसमें सांसद कालीचरण मुंडा स्वयं उपस्थित थे। बैठक में एसआईआर से जुड़े मुददों के साथ-साथ नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वार्ड अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, सफाई, नाली, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को सांसद और जिला नेतृत्व के समक्ष रखा। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 19 वार्डों के वार्ड अध्यक्ष मौजूद रहे। सभी ने अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद कालीचरण मुंडा ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और वार्ड स्तर तक प्रत्येक नागरिक की आवाज सुनी जाएगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने संगठन की मजबूती और एसआईआर अभियान की सफलता पर जोर देते हुए वार्ड अध्यक्षों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटना चाहिए और सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक का संचालन गुलाम गौश ने किया। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करता रहेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विलसन बोदरा, जिला महासचिव प्रणीत तोपनो, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता गोप, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अध्यक्ष अमिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जा रहे झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने किया डिटेन



**सिल्ली।** सिल्ली झारखंड आंदोलनकारी के सदस्यअपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को सुबह 6 बजे मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जा रहे थे। इसी क्रम में सिल्ली बुंडू मोड चौक पर सैकड़ो आंदोलनकारी को पुलिस ने डिटेन कर लिया। आंदोलनकारी ने सिल्ली बुंडू मोड़ से थाना तक पैदल ही झारखंड सरकार होश में आओ प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी आदि किनारा लगाते हुए सिल्ली थाना तक पहुंचे।जंहा उनको 6 घंटे तक सिल्ली पुलिस ने थाने परिसर में डिटेन कर रखा गया। दोपहर एक बजे के बाद उनको सम्मान के साथ छोड़ दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी नवीन कुमार ने सभी सदस्यों को पानी नाश्ता एवं चाय की व्यवस्था कराया। सभी सदस्यों ने थाना परिसर में प्रशासन की ओर से मिले मदद के लिए आभार व्यक्त किया। झारखंड आंदोलनकारी के संयोजक लक्ष्मी नारायण महतो ने कहा कि वह सरकार के सामने अपनी मांग रखने के लिए मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जा रहे थे। मगर पुलिस ने सभी को रोक कर थाने परिसर में डिटेन कर दिया। लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन के इस रवैये के बावजूद वह संघर्ष करते रहेंगे। इस मौके पर मुखिया गंगा नारायण सिंह मुंडा , शिशुपाल महतो,नरेश चंद्र महतो , राजेंद्र पातर मुंडा, विशेश्वर महतो, सतनारायण सिंह मुंडा, महेंद्र महतो भोपाल सोनार, दीपक कुमार महतो , अश्वनी कुमार महतो, समसुद्दीन मोमीन, शाहिद अंसारी, काबिल अंसारी, अर्जुन महतो,शरत चंद्र राय,हलधर महतो समेत काफी संख्या में महिला आंदोलनकारी भी उपस्थित थे।

## किला मंदिर की सुरक्षा के लिए इनरव्हील क्लब ने लगवाया सीसीटीवी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में शहर के शिवाजी रोड स्थित किला मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आठ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने बताया कि किला मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिर परिसर में निगरानी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए क्लब की यह पहल की गई है। सीसीटीवी कैमरे लगने से मंदिर परिसर में होने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। मंदिर समिति के सदस्यों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर रेनू मेवाड़, जनेशा वडेरा, मेघा बगड़िया, अनुराधा श्रॉफ, दीपा वडेरा, श्वेता जैन, ममता वसंत, अविनाश कौर उपस्थित थीं।

## रामगढ़ महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा और एआई पर विशेष व्याख्यान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय में आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम के पांचवें दिन बुधवार को शिक्षकों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सह प्राचार्या डॉ रत्ना पाण्डेय की देखरेख में संपन्न हुआ। मुख्य संसाधन सेवी के रूप में का काजी नजरूल इस्लाम यूनिवर्सिटी आसनसोल के डॉ सुमित पारोई ने और इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन, वाराणसी के डॉ राज सिंह ने व्याख्यान दिए, प्रयोग करवाए और प्रायोगिक परीक्षण करवाए। डॉ सुमित पारोई ने अपने व्याख्यान में कहा कि सबसे पहले नई शिक्षा नीति 2020 को पढ़ना और जानना चाहिए। उसके बाद भारतीय ज्ञान परंपरा को इस तरह समझना चाहिए कि यह आधुनिक काल में लागू करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल जैसे गुरुकुल प्रणाली और संवाद प्रणाली में अपने आप को समझने के लिए शिक्षा लिया जाता है। साथ ही नैतिक शिक्षा ही असल शिक्षा थी। आज हमारा उद्देश्य संकीर्ण हो गया है।

## मुरी रेलवे स्टेशन में बीते 15 दिनों से लिफ्ट खराब, यात्रियों को हो रही है परेशानी



**सिल्ली।** मुरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों रुपये का लागत से लगाई गई लिफ्ट रेलवे अधिकारियों की अनदेखी व उदासीनता के कारण पिछले 15 दिनों से लिफ्ट खराब पड़ी हुई है। इससे यात्रियों को लिफ्ट का लाभ नहीं मिल पा रहा। रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट बंद होने से बुजुर्ग यात्रियों को परेशानी अधिक होती है। लिफ्ट न चलने के कारण बुजुर्ग यात्रियों को सीढ़ियों से एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना पड़ रहा है। ऐसे में सीढ़ियां चढ़ने में बुजुर्ग यात्रियों की सांसे फूल रही है। विशेष रूप से दिव्यांगों गर्भवती महिलाएं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वालों को सर्वाधिक परेशानी हो रही है। लिफ्ट खराब होने के कारण यात्रियों को भारी सामान के साथ फुटओवर ब्रिज की सीढ़ियां में चढ़ने उतरने के मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार जानने की कोशिश किया गया तो उनका मोबाइल नम्बर लगातार बिजी बताया। वही मंडल वाणिज्य पदाधिकारी सुजी सिंह से संपर्क करने पर उनका मोबाइल नम्बर बंद बताया।

# निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान शुरू

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** जिले में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध 10 जून से 25 जून तक चलने वाले विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। उपायुक्त मो जावेद हुसैन के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रवीण कुमार प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को नशामुक्त समाज के निर्माण और मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। जिला समाज कल्याण विभाग ने बताया कि अभियान के तहत जिले के गांवों, पंचायतों, प्रखंडों और नगर पंचायत क्षेत्रों में जनजागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, नुक्कड़ नाटक, विद्यालय एवं महाविद्यालय आधारित कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर खतरा है। इसके उन्मूलन के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के आईसीटीसी काउंसलर ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहायता और परामर्श के लिए प्रभावित व्यक्ति या उनके परिजन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 112 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जेएलकेएम ने हॉकी खिलाड़ियों का किया स्वागत



**खूंटी।** तमाड़ स्टैंड बाजार टांड खूंटी में बुधवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकताओं ने इंडिया हॉकी अंडर 18 के खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का जोरदार स्वागत किया। आशीष ने पूरे टूनार्मेंट में कुल 13 गोल कर इंडिया हॉकी टीम को विजयी बनाया और देश तथा खूंटी का नाम पूरे विश्व पटल पर रौशन किया। इस अवसर पर जिला महासचिव विक्रम महतो ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत के दौरान जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, अजय राम, अर्पित संगा, मदन, लक्ष्मण कंडुलना, प्रवक्ता बजरंग साहू, कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

# सीएनटी जमीन पर खतियानी रैयतों को मिला कब्जा, प्रशासन ने कराई भू-वापसी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** छोटानागपुर काश्तकारी (सीएनटी) अधिनियम के तहत संरक्षित भूमि के अवैध हस्तांतरण के मामले में प्रशासन ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए खतियानी रैयतों के वंशजों को उनकी जमीन पर पुनः कब्जा दिलाया। बुधवार को अंचल अधिकारी रमेश रविदास ने पुलिस बल की मौजूदगी में भू-वापसी की प्रक्रिया पूरी कराते हुए संबंधित भूमि का दखल-दिहानी कराया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, सीएनटी खाते की जमीन का हस्तांतरण कानूनी रूप से प्रतिबंधित है और इस प्रकार का कोई भी हस्तांतरण अवैध माना जाता है। इसी आधार पर निरंजन करमाली और उनके वंशजों के पक्ष में भू-वापसी का निर्णय लिया गया। निरंजन करमाली और उनके उत्तराधिकारियों ने वर्ष 2018 में भू-वापसी के लिए वाद संख्या 27 एलआरडीसी न्यायालय में दायर किया था। मामले की सुनवाई और उपलब्ध दस्तावेजों के परीक्षण के बाद एलआरडीसी न्यायालय ने खतियानी रैयतों के वंशजों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए भूमि पर पुनः कब्जा दिलाने का आदेश जारी किया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अंचल अधिकारी रमेश रविदास को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने थाना संख्या 144, खाता संख्या 40, मौजा मरार के प्लॉट संख्या 1318, 1328 और 1397 की जमीन का सीमांकन कराया। इनमें क्रमशः 1.20 एकड़, 36 डिसमिल और 18 डिसमिल भूमि शामिल है। प्रशासन ने न्यायालय के आदेश के आधार पर भूमि की मापी कराई और कब्जाधारियों से जमीन खाली कराकर निरंजन करमाली के वंशजों को दखल-दिहानी दिलाई। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। अधिकारियों ने बताया कि सीएनटी अधिनियम के तहत आदिवासी रैयतों की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और ऐसे मामलों में न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

# भारत विकास परिषद ने दिव्यांग वृद्धा को दिया व्हीलचेयर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** भारत विकास परिषद ने 76 वर्षीय दिव्यांग वृद्ध महिला छठया देवी को व्हीलचेयर दिया। उल्लेखनीय है कि बरकाकाना निवासी छठया देवी लंबे समय से चलने-फिरने में असमर्थ थीं, जिसके कारण उन्हें दैनिक कार्यों में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। वृद्ध महिला की स्थिति की जानकारी मिलने पर बुधवार को भारत विकास परिषद की बाल एवं महिला समिति ने तत्परता दिखाते हुए सहायता का हाथ बढ़ाया। समिति की संयोजिका पूनम सिंह के नेतृत्व में परिषद के प्रांतीय महामंत्री उमेश राजगढ़िया, अनिता राजगढ़िया एवं अन्य सदस्यों ने उनके निवास पहुंचकर व्हीलचेयर भेंट की। वहीलचेयर प्राप्त करते ही छठया देवी के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने भावुक होकर परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि अब उन्हें आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत विकास परिषद का मूल उद्देश्य समाज के जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध और दिव्यांग लोगों तक सहायता पहुंचाना है। संस्था का मानना है कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। इसी भावना के साथ परिषद निरंतर समाज के वंचित वर्गों के लिए सेवा कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का उत्सव

**विभिन्न स्थानों पर हुई पूजा-अर्चना**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम देश में सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इस उपलब्धि पर पूरे देश की तरह झारखंड में भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं और नेताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। राज्य के विभिन्न हिस्सों में पूजा-अर्चना और विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रहित में उनके नेतृत्व की निरंतर सफलता की कामना की गई। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस अवसर पर रांची के मुड़मा स्थित राजी पहाड़ा जतरा शक्ति खूंटा में पाहन एवं सरना समाज के सम्मानित लोगों के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र



निर्माण के उनके संकल्प की सफलता के लिए प्रार्थना की। साथ ही देश की प्रगति, विकास और जनकल्याण के लिए प्रधानमंत्री को निरंतर शक्ति एवं ऊर्जा मिलने की कामना भी की। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार 4,399 दिनों तक देश की सेवा कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि देशवासियों के विश्वास, प्रधानमंत्री के समर्पण और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। वहीं, भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक और पूजा-अर्चना की। यह आयोजन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। पूजा-अर्चना के दौरान प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, यशस्वी जीवन और राष्ट्रसेवा के उनके संकल्प की निरंतर सफलता के लिए प्रार्थना की गई। कर्मवीर सिंह ने कहा कि देवाधिदेव महादेव प्रधानमंत्री को स्वस्थ, ऊर्जावान और जनकल्याण के कार्यों में सदैव सफल बनाए रखें तथा उनके नेतृत्व में भारत विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे।

# संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में व्याख्यान का समापन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में आयोजित तीन दिवसीय विशेष व्याख्यान श्रृंखला का 10 जून को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन का मुख्य विषय ₹एसआईआर पोर्टल में मतदाताओं के लिए डिजिटल उपकरणः जनजातीय समुदाय में चुनावी जागरुकता को सुदृढ़ करनाह्न रहा। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी रवि कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल माध्यमों से चुनावी साक्षरता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। श्री



कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत हर नागरिक की भागीदारी में है। हमारे जनजातीय समुदायों तक चुनावी प्रक्रियाओं और डिजिटल टूल्स (जैसे एसआईआर पोर्टल) की सही जानकारी पहुंचाना बेहद जरूरी है। शिक्षक और भावी शिक्षक इसमें सबसे बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे सीधे समाज के जमीनी स्तर से जुड़े होते हैं।

## संक्षिप्त

### 500 मीटर के दायरे में स्कूल-कॉलेजों के आसपास होगी सफाई

**रांची।** मॉनसून को देखते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम नागरिकों को जलजमाव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से रांची नगर निगम ने सफाई अभियान शुरू किया है। इसके तहत निगम क्षेत्र के सभी स्कूलों और कॉलेजों की एप्रोच रोड के 500 मीटर दायरे में आने वाली नालियों की व्यापक सफाई कराई जाएगी, ताकि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के चारों जोन के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों को अपने-अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों का सर्वेक्षण कर नालियों की सफाई, कचरा उठाव और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त ने संबंधित स्वच्छता अधीक्षकों और स्वच्छता समन्वयकों को निर्देश दिया है कि मॉनसून पूर्व सभी स्कूलों और कॉलेजों की एप्रोच रोड के 500 मीटर दायरे में शत-प्रतिशत सफाई सुनिश्चित की जाए। नालियों से निकाले गए गाद और कचरे का अगले ही दिन उठाव किया जाए और संक्रमण की रोकथाम के लिए संबंधित स्थलों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी अनिवार्य रूप से कराया जाए।

### बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रांची।** कांटाटोली स्थित बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में नगर निगम के विजिलेंस टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान बसों के आवागमन मार्गों के किनारे अवैध तरीके से ठेला खोमचा के दुकान संचालित किए जा रहे थे। इसके अलावा बस एजेंटों ने भी कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा किए थे। जहां पर छाता लगाकर यात्रियों के टिकट काटे जा रहे थे। अवैध कब्जा की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम पहुंची। लोगों को स्वेच्छा से सड़क के किनारे लगाए गए दुकानों को हटाने के लिए अपील की जा रही थी। लेकिन कुछ दुकानदारों ने इनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया। इस दौरान नगर निगम की टीम कर्मी से कुछ दुकानदारों और एजेंटों ने धक्का-मुक्की भी की।

# रांची सदर अस्पताल बनेगा टेली एसएनसीयू और ई-संजीवनी हब

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के आधुनिकीकरण और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं को राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रांची सदर अस्पताल को टेली एसएनसीयू हब एवं ई-संजीवनी हब सेंटर के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार वर्तमान में रांची सदर अस्पताल में संचालित टेली रेडियोलॉजी हब और टेली आईसीयू हब की सफलता को देखते हुए अब नवजात शिशुओं की गहन चिकित्सा सेवाओं (एसएनसीयू) और ऑनलाइन परामर्श सेवाओं को भी डिजिटल नेटवर्क से जोड़ने की योजना बनाई गई है। इसके लिए रांची




सदर अस्पताल को राज्य स्तरीय हब सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।
अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रांची सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि टेली एसएनसीयू हब और ई-संजीवनी हब की स्थापना से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारा जा सके। बतातें चलें टेली एसएनसीयू हब के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित एसएनसीयू इकाइयों को रांची से जोड़ा जाएगा। इससे दूरस्थ जिलों में भर्ती गंभीर नवजात शिशुओं की स्थिति की निगरानी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ऑनलाइन की जा सकेगी। जरूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श और उपचार संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। साथ ही ई-संजीवनी हब के विकसित होने से राज्य के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इससे मरीजों को बड़े शहरों की यात्रा करने की आवश्यकता कम होगी और समय व धन दोनों की बचत होगी। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि झारखंड के नागरिकों को उनके जिले और प्रखंड स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। टेली एसएनसीयू और ई-संजीवनी हब की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने रोका



रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बुधवार को बड़ी संख्या में आंदोलनकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राजधानी रांची की सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने पहचान, सम्मान, पेंशन तथा अन्य लंबित मांगों के समाधान की मांग करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास की ओर कूच करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने उन्हें मोहराबादी क्षेत्र में ही रोक दिया। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने मुख्यमंत्री आवास और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। मोहराबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक जाने वाले प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की निगरानी में पूरे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद आंदोलनकारी मोहराबादी क्षेत्र में ही धरना-प्रदर्शन करते रहे और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत रैपिड एक्शन फोर्स, झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), एसआईआरबी सहित विभिन्न बलों की कई टुकड़ियां तैनात की गई थीं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड, जल टैंकर, विशेष वाहन और आंसू गैस दस्ता भी तैयार रखा गया था। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## कांग्रेस लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रक्रियाओं में बाधा डालने की कर रही कोशिश : आदित्य साहू

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस पर राज्यसभा चुनाव की संवैधानिक प्रक्रिया को प्रभावित करने और उसमें बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि संभावित हार की आशंका से कांग्रेस बौखला गई है और उसके नेता चुनावी प्रक्रिया पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता विधानसभा परिसर पहुंचकर अशांति का माहौल बनाने तथा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने निवार्ची पदाधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) पर अनावश्यक दबाव बनाने के उद्देश्य से प्रदर्शन और हंगामा किया। साहू ने कहा कि राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया निर्धारित नियमों और संवैधानिक प्रावधानों के तहत संचालित हो रही है। इसके बावजूद कांग्रेस द्वारा दबाव की राजनीति करना लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को न तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास है और न ही संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा।

## मोमिन कॉन्फ्रेंस ने निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**रांची।** झारखंड में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की आड़ में बड़े पैमाने पर वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए मोमिन कॉन्फ्रेंस ने कड़ी आपत्ति जताई है। बुधवार को मोमिन कॉन्फ्रेंस के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं और चुनाव आयोग से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है। कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव मो. सगीर अंसारी और रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने चुनाव आयोग का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी एक सोची-समझी साजिश के तहत आदिवासी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से छांटकर हटाए जा रहे हैं, जो आम लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि मतदाता सूची अपडेट करने की वर्तमान समय सीमा को तत्काल बढ़ाया जाए और आम जनता के लिए आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता आसान की जाए। नेताओं ने मांग की है कि बिना सत्यापन के नाम काटने वाले या लापरवाही बरतने वाले बीएलओ पर सख्त कार्रवाई की जाए और उनके खिलाफ दंडात्मक प्रावधान लागू किए जाएं।

# महापौर ने किया एम्फीबियस ड्रेन मास्टर मशीन का उद्घाटन




प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के सभी जलाशयों की आधुनिक एवं प्रभावी सफाई के उद्देश्य से सीसीएल के सीएसआर मद से अत्याधुनिक एम्फीबियस ड्रेन मास्टर मशीन खरीदी गई है। इसका महापौर श्रीमती रोशनी खलखो ने उप महापौर नीरज कुमार की उपस्थिति में 10 जून को विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत उनके द्वारा हरी झंडी दिखाकर उक्त मशीन को हरमू नदी में उतारकर सफाई कार्य प्रारंभ की गई। इस अवसर पर महापौर ने निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे किसी भी नदी, तालाब, नाले अथवा अन्य जलाशयों में किसी भी प्रकार के कूड़ा कचरा नहीं डालें। शहर के जल स्त्रोतों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। मौके पर उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार, नगर प्रबंधक, सीसीएल के प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य में भारी बारिश की संभावना, वज्रपात और तेज आंधी का अलर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में 11 और 12 जून को गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज आंधी चलने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं के प्रभाव और अनुकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम सक्रिय रहेगा। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे शरण न लेने तथा बिजली कड़कने के समय सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को



बताया गया कि अगले तीन से चार दिनों के भीतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के झारखंड सहित ओडिशा, बिहार और छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में पहुंचने की प्रबल संभावना है।
मानसून के आगमन के साथ राज्य में बारिश की गतिविधियों में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश भी दर्ज की गई। इस अवधि में सबसे अधिक 37.2 मिलीमीटर वर्षा दुमका में रिकॉर्ड की गई। वहीं तापमान के मामले में डाल्टनगंज सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर लातेहार में न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, जिससे लोगों को मौसम में बदलाव की उम्मीद थी। हालांकि दोपहर बाद आसमान साफ हो गया और तेज धूप निकलने से उमस और गर्मी बढ़ गई।

# सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में लगा शिकायत निवारण शिविर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के निदेशालय (मानव संसाधन प्रबंधन) के तत्वावधान में 10 जून, 2026 को पिपरवार क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य कर्मचारियों, पूर्व कर्मचारियों, उनके आश्रितों, ठेकेदारों एवं अन्य हितधारकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना था।
कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक (समाधान प्रकोष्ठ) श्रीमती सुमन रस्तोगी ने की। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन), समाधान प्रकोष्ठ गौतम चौधरी, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन), समाधान प्रकोष्ठ तेजविंदर सिंह, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन), पिपरवार क्षेत्र सहित




मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, स्टाफ अधिकारी (सिविल), खनन विभाग के प्रतिनिधि और अन्य उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कर्मचारियों, पूर्व कर्मचारियों, कर्मचारियों के आश्रितों, ठेकेदारों एवं अन्य हितधारकों द्वारा 38 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों में प्रमुख रूप से आवास (क्वार्टर) अनुरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, सीएमपीएफ से संबंधित ऑनलाइन डाटा अद्यतन और अन्य सेवा संबंधी विषय शामिल रहे।
शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक लगा। इसमें सभी उपस्थित व्यक्तियों को अपनी समस्या एवं सुझाव रखने का अवसर प्रदान किया गया। प्राप्त सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण किया गया। अनेक मामलों में संबंधित व्यक्तियों को मौके पर ही आवश्यक जानकारी एवं समाधान उपलब्ध कराया गया। शेष मामलों में नियमानुसार औपचारिक उत्तर प्रदान करते हुए शिकायतों का यथोचित निस्तारण किया जाएगा।

# सीएमपीडीआई में अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक और सीएमपीडीआई के सीएमडी चौधरी शिवराज सिंह ने रांची मुख्यालय में कोल कैरेक्टराइजेशन लेबोरेटरी के तहत अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया। यह लैब सुविधा इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमेट्री (आईसीपी-एमएस)] एक्स-रे फ्लोरेसेंस (एक्सआरएफ) और एक्स-रे डिफ्रैक्शन (एक्सआरडी) जैसी एडवांस्ड मशीनों से लैस है। यह एक ही जगह पर नान-कोल खनिजों के एलिमेंटल, केमिकल और मिनरलोलाजिकल कैरेक्टराइजेशन के लिए एक व्यापक एनालिटिकल प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है।



इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी/बीडी) आनंद मोहन, सीआईएल के कार्यपालक निदेशक (सीपी एंड पीएम) के राजशेखर एवं कार्यपालक निदेशक (गवेषण) आरके सिंह सहित सीएमपीडीआई और सीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।
इसके बाद श्री घटक ने सीएमपीडीआई के सीएमडी, कार्यकारी निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीआईएल के कोल ब्लाक की स्थिति और उन्हें चालू करने के रोडमैप की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।
अपने कार्यक्षेत्र में विविधता लाने की रणनीति के तहत, सीएमपीडीआई कोयले के अलावा गैर-कोयला क्षेत्रों में भी अपनी क्षमताएं बढ़ा रहा है, जिसमें ह्यरेयर अर्थ एलिमेंट्सह्य (आरईई) और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की खोज शामिल है। ह्यरेयर अर्थ एलिमेंट्सह्य (आरईई) और एडवांस्ड एलिमेंटल एनालिसिस के लिए विशेष सुविधाएं स्थापित करके सीएमपीडीआई भारत की महत्वपूर्ण खनिज जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी खोज और अनुसंधान क्षमताओं का सार्थक रूप से विस्तार कर रहा है।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया झारखंड का मान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विद्यालय खेल महासंघ-विश्व कुश्ती संघ स्तर-1 प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देशभर से आए शारीरिक शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों को कुश्ती की नवीनतम तकनीकों, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों तथा अंतरराष्ट्रीय नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों माध्यमों से बारीकीपूर्वक शिक्षित किया गया। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कांके (रांची) के शारीरिक शिक्षक एवं




राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रवीण कुमार ने इस कार्यक्रम में अपनी उत्कृष्ट योग्यता, तकनीकी दक्षता, नेतृत्व क्षमता एवं खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उनके समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें विशिष्ट उपलब्धि प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रवीण कुमार की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए गौरव का विषय है। उनकी सफलता अन्य शिक्षकों एवं खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा विद्यालय में खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। साथ ही यह उपलब्धि राज्य के युवा खिलाड़ियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी और झारखंड को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होगी।

# बिना लाइसेंस चल रहे दो फल दुकानों पर 10-10 हजार का जुर्माना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** बाजार समिति स्थित विभिन्न फल एवं किराना प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान बुधवार को चलाया गया। अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री ने संयुक्त रूप से कई गोदामों और रिपेनिंग चैंबरों का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान सबसे पहले विशाल फ्रूट्स के गोदाम एवं रिपेनिंग चैंबर का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कच्चे फलों को पकाने के लिए कार्बाइड जैसे हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया।

इसके बाद मां फ्रूट्स, शनि फ्रूट्स और ओम सांईं फूड एंड फ्रूट कंपनी के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण में मां फ्रूट्स और शनि फ्रूट्स बिना खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के संचालित पाए गए। इस पर दोनों प्रतिष्ठानों पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। मीरा एंड फ्रूट्स और सत्यम फ्रूट्स के गोदाम एवं रिपेनिंग चैंबर की जांच में सभी व्यवस्थाएं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाई गईं। लक्की जनरल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया। संचालक को खाद्य सुरक्षा लाइसेंस प्राप्त कर नियमानुसार व्यवसाय संचालित करने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी खाद्य कारोबारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के कोई भी व्यवसाय संचालित न करें। जिन प्रतिष्ठानों के पास लाइसेंस है, वे उसे अपने प्रतिष्ठान में प्रदर्शित रखें। अन्यथा आगामी निरीक्षण में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभियान में पुलिस विभाग से एएसआई गौतम दास एवं उनकी टीम तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के विवेक तिवारी, संतोष कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# सदर एसडीएम ने नदी तटीय इलाकों में लागू की निषेधाज्ञा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के सभी नदी घाटों, जल निकायों एवं उनके 200 मीटर की परिधि क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। एनजीटी द्वारा पारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन एवं मॉनसून के दौरान जलस्तर वृद्धि, भूमि कटाव, अवैध बालू उत्खनन परिवहन और भंडारण के चलते पर्यावरणीय असंतुलन की आशंकाओं को देखते हुए इसे लागू किया गया है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होकर अगले आदेश तक या एनजीटी द्वारा प्रतिबंध की तिथि तक लागू रहेगा। इस निषेधाज्ञा के दायरे में सोन, कोयल, बांकी, दानरो, यूरिया, सरस्वतिया आदि उन सभी नदियों के घाट आएंगे, जो सदर अनुमंडल क्षेत्र में स्थित है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का बालू खनन, चाहे वह मशीन द्वारा हो या मैनुअल इस अवधि में प्रतिबंधित रहेगा।

इन क्षेत्रों में बालू लदे ट्रैक्टर, हाइवा या अन्य वाहनों की आवाजाही पर मनाही रहेगी। रात्रि के समय में नदी तटीय इलाकों बालू प्रवण क्षेत्रों में सामूहिक आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निषेधाज्ञा के अनुपालन की जिम्मीवारी सभी संबंधित थाना प्रभारियों की रहेगी। इसलिए स्थानीय थाना प्रभारियों को आदेशित किया जा रहा है कि वे क्षेत्र में गश्ती बढ़ाएं और संदेहास्पद खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें।

## संक्षिप्त

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** गोइलकेरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप मंगलवार रात रेल दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोइलकेरा के क्रिस्तान टोला, धातकीडीह निवासी सुखराम सांडिल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे डाउन लाइन से गुजर रही ट्रेन संख्या 18110 इतवारी-टाटा एक्सप्रेस की चपेट में आने से सुखराम सांडिल गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह पुराना गोइलकेरा की ओर से रेलवे ट्रैक पर चलते हुए फाटक की तरफ आ रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान पहुंचे और एंबुलेंस बुलवाई। हालांकि स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं होने के कारण घायल युवक को करीब एक घंटे तक रेलवे ट्रैक से नहीं हटाया जा सका। इस दौरान युवक ट्रैक पर ही गंभीर अवस्था में पड़ा रहा। घटना के कारण डाउन लाइन पर कुछ समय के लिए ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित रहा।

### गौ तस्करी की आशंका में स्कॉर्पियो जब्त, दो गाय बरामद

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कमलपुर थाना क्षेत्र में गौ तस्करी की आशंका से जुड़ा एक मामला सामने आया है। बांगुड़दा साहेब बांध के समीप बुधवार तड़के एक स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में मिली, जिसमें से पुलिस ने दो गायों को बरामद किया। घटना के बाद वाहन में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क किनारे झाड़ियों में फंसी एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को देखा। वाहन के भीतर गाय के होने की सूचना मिलने पर कमलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों गायों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें अपने संरक्षण में ले लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि गायों को अवैध रूप से पश्चिम बंगाल की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और झाड़ियों में जा घुसी।

# बीडीओ सहित अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई, एक दिन का वेतन स्थगित

**उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनियां, प्रखंड सह अंचल कार्यालय चिनियां और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, कर्मियों की उपस्थिति एवं कार्यालय कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनियां पहुंचे। वहां ओपीडी में एक चिकित्सक मरीजों का उपचार करते हुए मिले। मेडिकल काउंटर से दवाओं का वितरण किया जा रहा था। हालांकि, नर्सिंग स्टॉफ एवं पैथोलॉजी विभाग के कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जानकारी लेने पर बताया गया कि सभी कर्मी रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में भाग लेने गए हैं। प्रखंड सह अंचल कार्यालय चिनियां के औचक निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित कुछ कर्मी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त ने संबंधित कर्मियों का एक दिन का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी से उनके अनुपस्थित रहने के संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गई है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका का निरीक्षण किया। यहां चिकित्सकों सहित सभी कर्मी उपस्थित पाए गए। साथ ही रंका, चिनियां एवं रमकंडा प्रखंडों के स्वास्थ्यकर्मी मासिक समीक्षा बैठक में शामिल थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में भी भाग लिया। चिनियां स्वास्थ्य केंद्र से अनुपस्थित पाए गए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जांच के क्रम में सभी संबंधित कर्मी बैठक में उपस्थित पाए गए। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिया कि भविष्य में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठकें चिनियां, रमकंडा एवं रंका प्रखंडों में बारी-बारी से आयोजित की जाएं। श्री मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में बैठक आयोजित होने से स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जमीनी स्तर पर बेहतर समीक्षा हो सकेगी। क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक प्रभावी लाभ मिल सकेगा। साथ ही इससे अस्पतालों की नियमित कार्यप्रणाली प्रभावित नहीं होगी और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना भी नहीं करना पड़ेगा।

### चोरी करते दो चोरों को रंगेहाथ पकड़ा पुलिस हिरासत में पूछताछ



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच बुधवार को स्थानीय लोगों की सतर्कता से दो युवकों को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। मामला जयप्रकाश उद्यान का है, जहां चार युवक बिजली के पोल को काटकर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चारों युवक पार्क परिसर में लगे बिजली के पोल को काट रहे थे। इसी दौरान आसपास मौजूद लोगों की नजर उन पर पड़ गई। स्थानीय लोगों ने जब विरोध करते हुए युवकों को पकड़ने का प्रयास किया, तो मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों को अपनी ओर आता देख चारों युवक भागने लगे, लेकिन पीछा कर दो युवकों को पकड़ लिया गया, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाना ले गई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। वहीं फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कभी बिजली के तार, तो कभी लोहे के सामान और सार्वजनिक संपत्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। लगातार हो रही घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि पकड़े गए युवक किसी संगठित चोरी गिरोह से जुड़े हैं या नहीं।

### रेल एसपी ने की क्राइम मीटिंग, हर सप्ताह मंगलवार को होगी समीक्षा



**धनबाद।** रेल एसपी मोमिल राजपुरोहित ने क्राइम मीटिंग की। इसी दौरान उन्होंने बताया के मीटिंग के दौरान सारी विशेष प्रतिवेदन कांडों में अच्छे और खराब परफॉर्मेंस वाले थानों को चिन्हित किया गया है। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले को प्रोत्साहित किया गया। एसपी ने कहा कि यूडी कांड को लेकर लेकर समीक्षाएं की गई। कई बार केस के दौरान जांच पड़ताल हो या फिर रिपोर्ट नहीं आने की वजह से कैसे में देरी होती है, उन पर भी विचार विमर्श किया गया। रेलवे ने कहा कि हर सप्ताह अंचल इंस्पेक्टर के साथ मीटिंग की जाएगी। मुख्य छह बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जैसे ईडी कांड, जीरो एफआईआर के साठ दिनों के अंदर तक केस का चारशीट दाखिल करना आदि शामिल है। हर मंगलवार को एक समीक्षा बैठक की जाएगी।

### अंजुमन इस्लामिया का एलान, नशेड़ी को अब कोई नहीं देगा बेटी



**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड की गलियों में अब नशेड़ियों की खैर नहीं। अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा ने नशे की कमर तोड़ने के लिए अभियान छेड़ा है। भुजनिया के एक युवक को सबक सिखाने के बाद, अब कमिटी ने सीधे समाज की नींव यानी विवाह के रिश्तों पर अपनी पैनी नजर गड़ा दी है। अंजुमन इस्लामिया के प्रखंड सदर आफताब आलम ने एलान किया कि अपनी लाड़ली का भविष्य किसी नशेड़ी के हाथ में नहीं दें। प्रखंड कमेटी ने कहा कि शादी का रिश्ता पक्का करने से पहले केवल सरकारी नौकरी या पैसा नहीं देखें। दूल्हे की नशे की एक्सरे रिपोर्ट जरूर निकलवाएं। अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी के पदधारियों का कहना है कि आज का नशेड़ी कल अपराधी बन जाता है। किसी भी घर में बेटी ब्याहने से पहले गांव के अंजुमन के सदर सेकेट्री से लिखित लेना अनिवार्य होगा कि लड़का नशा, जुआ जैसी बुराइयों से पाक व साफ है। अंजुमन कमेटी से लड़के की कुंडली का तहकीकात जरूर करें।

# पति ने विवाद में की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** पति-पत्नी के झगड़े का दर्दनाक अंत, सिर पर हमला होने से महिला की मौत एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा स्थित धमाबांधा में मंगलवार देर रात पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद खूनी वारदात में बदल गया। घरेलू कलह के दौरान एक होटल संचालक ने अपनी पत्नी के सिर पर खलबट्टे से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने आरोपित पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान 40 वर्षीय गीता मंडल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उनके पति बापी मंडल डिमना रोड क्षेत्र में एक होटल का संचालन करते हैं। मंगलवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, इसी वजह से बापी मंडल ने घर में रखे खलबट्टे से गीता के सिर पर जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ीं। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना एमजीएम थाना पुलिस को दी।

# स्वर्ण व्यवसायी विक्की सोनी हत्याकांड मामले में जीजा सहित दो गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** जिले के बरही थाना क्षेत्र में सोमवार की रात हुए स्वर्ण व्यवसायी विक्की सोनी हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में मृतक का अपना जीजा विक्रम कुमार मुख्य आरोपित निकला। पुलिस ने हत्या में शामिल दो आरोपितों विक्रम कुमार और दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बुधवार को जेल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश और व्यक्तिगत विवाद को हत्या का कारण बताया गया है। दरअसल, हजारीबाग रोड स्थित करसो पुल के पास सोमवार की रात हजारीबाग के स्वर्ण व्यवसायी विक्की सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना उस समय हुई, जब वह अपने मित्र अभिषेक कुमार के साथ कोडरमा रेलवे स्टेशन जाने के क्रम में रास्ते में पंचर हुई कार का टायर बदल रहे थे। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपित विक्रम कुमार ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। विक्रम कुमार मृतक विक्की कुमार सोनी का जीजा है।

# अवैध संबंध के शक में युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह थाना क्षेत्र के करनडीह लाइन टोला में मंगलवार देर रात एक युवक की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। अवैध संबंध के शक में हुए विवाद ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि 35 वर्षीय मोहन सोरेन की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित राजू मुर्मू को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोहन सोरेन पेशे से कान्वाई चालक था और मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था। उसका आना-जाना करनडीह लाइन टोला स्थित राजू मुर्मू के घर पर अक्सर होता था। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहन, राजू की पत्नी सविता मुर्मू को मुंहबोली मामी कहकर संबोधित करता था, लेकिन राजू को दोनों के संबंधों पर लंबे समय से संदेह था। इसी बात को लेकर परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जाता है कि मंगलवार रात मोहन सोरेन राजू मुर्मू के घर पहुंचा था। इसी दौरान घर के अंदर किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते उग्र रूप में बदल गया । आरोप है कि गुस्से में आकर राजू मुर्मू ने घर में रखी भारी स्टील की डेकची से मोहन पर कई वार कर दिए। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मोहन सोरेन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की प्रत्यक्षदर्शी और आरोपी की पत्नी सविता मुर्मू ने पुलिस को बताया कि रात में उसका पति घर पहुंचा और उस पर मोहन सोरेन के साथ संबंध होने का आरोप लगाने लगा। इसके बाद उसने मारपीट की और घर से बाहर निकाल दिया। भयभीत होकर वह अपने दोनों बच्चों को लेकर पड़ोस में चली गई। सविता का कहना है कि रात में घर के भीतर क्या हुआ, इसकी उसे जानकारी नहीं थी। सुबह जब वह वापस लौटी तो मोहन की हत्या की जानकारी मिली।

# बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना में भारी अनियमितता का आरोप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना को लेकर चल रहे जन आंदोलन ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष एवं आंदोलनकारी सुबोध झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने योजना के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति की संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पुत्री दुखनी सोरेन भी मौजूद रहीं। निरीक्षण दल में छोटे राय मुर्मू, कृष्ण चंद्र पात्रो, प्रभा हांसदा, महेश सिंह, संतोष जायसवाल, रामेश्वर प्रसाद, पवित्र पांडे, सौरभ कुमार, अखिलेश कुमार, अजय शर्मा और कन्हैया पांडे समेत कई लोग शामिल थे। निरीक्षण के बाद सुबोध झा ने आरोप लगाया कि 29 मई 2026 को जारी रिपोर्ट में जून माह के भीतर जलापूर्ति शुरू करने का दावा किया गया था, लेकिन जमीनी स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि योजना के कई कार्य अब भी अधूरे पड़े हैं और 15 जून तक लोगों को पानी मिलना संभव नहीं दिख रहा। उन्होंने प्रशासन और संबंधित एजेंसियों पर जनता तथा न्यायालय को गुमराह करने का आरोप लगाया। दुखनी सोरेन ने कहा कि जब तक योजना पूरी तरह चालू नहीं हो जाती, तब तक वे अपने निजी टैंकरों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को पानी उपलब्ध कराती रहेंगी। उन्होंने बताया कि योजना में कथित भ्रष्टाचार और निर्माण संबंधी अनियमितताओं के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर विधानसभा घेराव और पदयात्रा भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांट, इंटक वेल और अन्य संरचनाओं में निर्माण गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए। समिति का आरोप है कि कई जगहों पर दीवारों में दरारें दिखाई दीं, प्लास्टर कमजोर पाया गया तथा निर्माण कार्य को रंग-रोगन कर छिपाने का प्रयास किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने और कथित भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने की मांग की है। समिति का कहना है कि यदि जल्द ठोस प्रगति नहीं हुई तो व्यापक जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# धनबाद जेएमएम ने दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से एसआईआर को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विनोद पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर वोट चोरी करने की बात कही। उन्होंने एसआईआर में गड़बड़ी की कड़ी निंदा की। झामुमो कार्यकताओं को बीएलओ 2 को कैसे कार्य करना है और अपने बीएलओ के साथ मिलकर एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी तरीके से मैपिंग करने की जानकारी दी गई।


उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट चोरी करने का काम कर रही है। हमें जागरूक रहना होगा। बीएलओ के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चलने की जरूरत है। वोटर आईडी की मैपिंग कराकर और नए नाम को जोड़ना संपूर्ण दस्तावेज के साथ उपस्थित रहना होगा। उन्होंने कहा कि? फार्म 6 को सही-सही भरना है और सही दस्तावेज देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में लकी सोरेन, मन्नू आलम, आकाश रवानी, अजय रवानी, अजीमुद्दीन अंसारी, आजाद मुखिया, इम्तियाज अंसारी, अख्तर अंसारी, लक्ष्मी मुर्मू आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की पहल व जेएसएलपीएस के सहयोग से आम उत्पादकों को मिला बेहतर बाजार

**97 क्विंटल आम की बिक्री से 3 लाख रुपये का हुआ कारोबार**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि





**चतरा।** जिले में आम उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने एवं ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन एवं झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा है। चतरा उपायुक्त रवि आनंद के मार्गदर्शन में आम उत्पादकों को बाजार से जोड़ने के लिए किए गए समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप अब तक लगभग 97 क्विंटल आम की बिक्री की जा चुकी है, जिससे करीब 3 लाख रुपये का कारोबार हुआ है। जिले में गंधरिया आजीविका महिला फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी सहित कुल 05 महिला किसान उत्पादक संगठनों एवं 12 रिटेल बिक्री केंद्रों के माध्यम से आम के संग्रहण, विपणन एवं बिक्री का कार्य किया जा रहा है। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत उत्पादित आम को संगठित बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं खरीदारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि चतरा उपायुक्त रवि आनंद के निर्देशानुसार आम उत्पादक किसानों को बाजार से सीधे जोड़ने एवं उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आम क्रेता-विक्रेता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस पहल के माध्यम से किसानों, किसान उत्पादक संगठनों एवं खरीदारों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित हुआ, जिसका सकारात्मक प्रभाव आम के विपणन एवं बिक्री पर देखने को मिल रहा है। आम के इस सीजन में लगड़ा, मालदा, हिमसागर, अमरपाली सहित विभिन्न स्थानीय एवं उन्नत किस्मों के आम किसानों से सीधे संग्रहित कर बाजार तक पहुंचाए गए। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हुआ, वहीं उपभोक्ताओं को भी ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण आम उपलब्ध हो सके। इस गतिविधि में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाएं आम के संग्रहण, ग्रेडिंग, छंटाई, पैकेजिंग, परिवहन एवं बिक्री कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# पांच हजार घूस लेते मनरेगा का जेई गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को करौं प्रखंड की डिंडाकोली पंचायत में बड़ी कार्रवाई करते हुए मनरेगा के कनिष्ठ अभियंता (जेई) संतोष प्रसाद को 5,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, डिंडाकोली पंचायत में संचालित टीसीबी (ट्रेंच कम बंड) योजना के कार्य से संबंधित भुगतान और अन्य प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने के नाम पर लाभुक से 5,000 रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी। लाभुक ने इसकी शिकायत एसीबी से की, जिसके बाद मामले का सत्यापन कराया गया। शिकायत सही पाए जाने पर एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपित कनिष्ठ अभियंता संतोष प्रसाद को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आरोपित को अपने साथ ले गई और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार, मामले को उजागर करने और शिकायत को एसीबी तक पहुंचाने में नागरिक मंच के भीम राणा, जन्मजय राणा और भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ रावानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सहयोग से शिकायत दर्ज होने के बाद एसीबी ने त्वरित कार्रवाई की।

## संक्षिप्त

### मवेशी चराने निकले वृद्ध की हत्या

**पलामू।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के करार पंचायत अंतर्गत नादगाद गांव निवासी 76 वर्षीय धनराज भुइयां की अज्ञात अपराधियों ने गला दबाकर और पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। धनराज का शव गांव में सोनरे नदी किनारे से बुधवार सुबह बरामद की गई। दोपहर में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैली हुई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कर मामले का उद्वेदन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों ने जमीन विवाद और किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह धनराज भुइयां मवेशियों को लेकर चराने निकले थे, लेकिन लौट कर घर नहीं आए। उनकी खोजबीन की जा रही थी। इसी क्रम में सोनरे नदी के किनारे उनका शव बरामद हुआ।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**दुमका।** सर्पदंश से विवाहिता जेरोसा बेसरा (३५) की मौत हो गई। यह घटना बुधवार को तड़के सुबह काठीकुंड थाना अन्तर्गत मसनिया गांव में घटी। परिजनों ने आनन-फानन में महिला को इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि महिला घर के अंदर नीचे जमीन पर सोयी हुई थी। इसी बीच जहरीले सांप ने काट लिया। इसके बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए पीजेएमसीएच में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### पोते की हत्या की आरोपित दादी को सश्रम आजीवन कारावास

**कोडरमा।** अपने ही पोते की हत्या किए जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की कोर्ट ने आरोपित दादी रेखा देवी (53) को हत्या में दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी महिला पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर आरोपित को तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2025 का है।

# लक्षणपुर स्थित भेड़ी फार्म डैम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**पर्यटन विकास की संभावनाओं का लिया जायजा**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** उपायुक्त रवि आनंद ने आज जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ चतरा प्रखंड अंतर्गत लक्षणपुर स्थित भेड़ी फार्म डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं का आकलन करते हुए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने डैम परिसर, चिल्ड्रेन पार्क एवं पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ स्थल का भ्रमण कर क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की उपायुक्त ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण भेड़ी फार्म डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने स्थल के सौंदर्यीकरण, पर्यटक सुविधाओं के विस्तार, डैम के गहरीकरण तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से विमर्श किया निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि पर्यटन विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जिले के प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों का समुचित विकास जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे स्थलों के विकास से न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिमरिया में भीषण सड़क हादसाः युवक की मौत के बाद सड़क जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार



**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबड़ा चेकनाका के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जबड़ा पंचायत के संदली गांव निवासी प्रदीप बाखला (पिता स्व. सोहर बाखला) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्रदीप बाखला बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण कई आवश्यक कार्यों से आने-जाने वाले लोगों को घंटों फंसे हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा के लिए ठोस उपाय करने तथा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। गौरतलब है कि चतरा जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे चिंता का विषय बने हुए हैं। तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और सड़क किनारे वाहनों के खड़े रहने जैसी समस्याओं के कारण आए दिन लोगों की जान जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर पहल करनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा सड़क जाम हटाने के लिए ग्रामीणों से वार्ता कर रही है।

# बिना लाइसेंस चल रहे उत्सव रिसॉर्ट को नगर निगम ने किया सील

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**धनबाद।** धनबाद नगर निगम ने बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को वार्ड संख्या 23 स्थित उत्सव रिसॉर्ट को सील कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि जांच में पाया गया कि धनबाद शहरी क्षेत्र में करीब 177 रिसॉर्ट का संचालन, धर्मशाला, विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज और हॉस्टल निर्माण एवं लाइसेंस नियमावल के तहत आवश्यक लाइसेंस प्राप्त किए बिना किया जा रहा था। नगर निगम की ओर से पूर्व में सार्वजनिक सूचना और नोटिस जारी कर संबंधित प्रतिष्ठान को लाइसेंस प्राप्त करने का अवसर दिया गया था। बावजूद इसके निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान प्रतिष्ठान को झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 और नियमावली-2013 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाया गया। इसके बाद निगम प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से उत्सव रिसॉर्ट के संचालन पर रोक लगाते हुए परिसर को सील करने की कार्रवाई की। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगर क्षेत्र में संचालित सभी विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज, हॉस्टल सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक अनुज्ञप्ति और स्वीकृतियां प्राप्त करना अनिवार्य है।

# प्रेमिका की हत्या का आरोपित युवक गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**दुमका।** मसानजोर डैम के पानी में एक अज्ञात महिला का शव का शिनाख्त करते हुए पुलिस ने मामले में उद्भेदन करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम केतन कुमार मंडल है। मामले में एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने बताया कि बीते दिन मसानजोर डैम में एक युवती का शव बरामद हुआ था। मृतका का शिनाख्त गुड्डु पंडित की बेटी रीना कुमारी (19) के रूप में हुई। पुलिस परिजन सीता देवी के आवेदन के आधार पर मोबाईल फोन के धारक के विरुद्ध हत्या कर शव को पानी में फेक देने के आरोप में 04 मार्च मुफ्फसिल (मसानजोर) थाना में मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। एसपी ने बताया कि कांड के अनुसंधान, छापामारी और तकनिकी सहयोग एसडीपीओ, सदर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। कांड अनुसंधान के क्रम में मोबाईल राजीव रंजन मंडल के नाम से जारी पाया गया। लेकिन उक्त मोबाईल नम्बर को जमुआसोल गांव के केतन कुमर मंडल उपयोग कर रहा था। तकनिकी अनुसंधान और मानवीय साक्ष्य के आधार पर इस कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त केतन कुमर मंडल को गिरफ्तार किया गया है।


## चतरा उपायुक्त ने वन विभाग से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की




**चतरा।** जिला मुख्यालय के समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बुधवार को उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में वन विभाग से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में वन विभाग से संबंधित प्रक्रियाओं एवं अनुमतियों के कारण लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस समीक्षा के क्रम में विद्युत संचरण परियोजनाओं, पेयजलापूर्ति पाइपलाइन, सड़क, पुल-पुलिया सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के उन मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई, जो वनाधिकार अधिनियम अनापत्ति प्रमाण-पत्र अथवा वन विभाग से संबंधित अन्य प्रक्रियाओं के कारण लंबित हैं। उपायुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं से योजनावार जानकारी प्राप्त करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोजित समीक्षा बैठक में जिला उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन आवश्यक है, उन मामलों में नियमानुसार ग्राम सभा का आयोजन कर प्रस्तावों को अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति से अनुमोदित कराया जाए तथा तत्पश्चात जिला स्तरीय वनाधिकार समिति से स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें, ताकि विकास योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जा सके तथा आमजनों को उनका लाभ समय पर प्राप्त हो। जिला उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों का नियमित अनुश्रवण करने एवं विभागीय समन्वय के माध्यम से उत्पन्न बाधाओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# संगठित समाज के निर्माण से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव : डॉ. मोहन सिंह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्थित आरबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वाधिकारी महादेव मुंडा , महानगर संघचालक रामचन्द्र राम, जमशेदपुर विभाग संघचालक इंदर अग्रवाल , मुख्य अतिथि स्वामी ईश्वर प्रेमानन्द महाराज, विशिष्ट अतिथि मुरलीधर केडिया तथा मुख्य वक्ता डॉ. मोहन सिंह उपस्थित रहे। संघ शिक्षा वर्ग के अंतर्गत घोष वर्ग में 72 शिक्षार्थियों तथा सामान्य वर्ग में 172 स्थानों से आए कुल 226 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। ये शिक्षार्थी 55 खण्डों, 44 नगरों, 24 जिलों, 4 महानगरों एवं 8 विभागों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वर्ग के संचालन में प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, सह प्रांत प्रचारक राजीव कान्त, शारीरिक प्रमुख कुणाल, मुख्य शिक्षक आकाश, सह मुख्य शिक्षक देवेन्द्र सहित शारीरिक, बौद्धिक एवं सर्वव्यवस्था विभाग के अनेक कार्यकताओं ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह का संचालन वर्ग कार्यवाह विजय ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. मोहन सिंह ने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठित समाज के निर्माण से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने स्वयंसेवकों का आह्वान करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर सेवा, संगठन एवं संस्कार के कार्यों का विस्तार करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संघ शिक्षा वर्ग (ओटीसी) की प्रशिक्षण परंपरा एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ के प्राथमिक वर्ग, साप्ताहिक वर्ग तथा 15 दिवसीय शिक्षा वर्ग के माध्यम से स्वयंसेवक स्वप्रेरणा एवं स्वव्यय से प्रशिक्षण प्राप्त कर चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण के कार्य में स्वयं को समर्पित करते हैं।

# नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान में कई दुकानदारों से वसूला जुर्माना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**देवघर।** शहर को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से देवघर नगर निगम ने बुधवार को विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के तहत टॉवर चौक से आजाद चौक तक सड़क और नालियों पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मियों की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क और नालियों के बाहर सामान रखकर दुकानदारी करने वाले दुकानदारों को चिन्हित किया। जांच के दौरान कई दुकानदारों की ओर से नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किए जाने की बात सामने आई, जिससे आम लोगों की आवाजाही और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। अभियान के दौरान निगम की टीम ने अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से जुमार्ना भी वसूला। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम ने सभी दुकानदारों से निर्धारित सीमा के भीतर ही दुकान संचालित करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। नाले के बाहर दुकान लगाने वालों पर जुमार्ना लगाया गया है और उन्हें दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, इसलिए शहरवासियों के हित में यह कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप देखा गया।

# चालक की हत्या मामले में दो महिला आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र के ग्राम चितरपुर में 03 जून की रात्रि में विधायक नीरा यादव के चालक राजकुमार यादव की हत्या के मामले में दो आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पहले ही पांच नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि राजकुमार यादव की फरसा, चपड़ा (कुदाल) से मारकर हत्या कर दी गई और दशरथ यादव सहित अन्य दो व्यक्तियों को गंभीर रुप से जख्मी कर दिया गया था। इस घटना को लेकर मृतक की पत्नी वादी स्वेता देवी के दिए आवेदन के आधार पर कोडरमा थाना में मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में कोडरमा पुलिस ने घटना में संलिप्त पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी के क्रम में बुधवार को मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपितों सोनी देवी (30) और यशोदा देवी उर्फ गीता देवी (42) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में कोडरमा जेल भेजा गया। घटना में नामजद पांच आरोपित अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। छापेमारी दल में कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान, धनेश्वर कुमार, विशाल सिंह, शशि प्रभा सिन्हा, महिला सशस्त्र बल और कोडरमा थाना के पुलिस जवान शामिल थे।


## संपादकीय

### महंगाई पर भी लगे लगाम

**भारतीय** अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। एक ओर सरकार देश को तेज आर्थिक वृद्धि की राह पर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर बढ़ती महंगाई आम लोगों की चिंता का कारण बनती जा रही है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने इस चुनौती को और गंभीर बना दिया है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव का सीधा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन, उत्पादन और रोजमर्रा की वस्तुओं की लागत बढ़ना स्वाभाविक है। इसका प्रभाव आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम करना और महंगाई के अनुमान को बढ़ाना इसी वास्तविकता को दशार्ता है। यह संकेत है कि आने वाले समय में अर्थव्यवस्था को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ा नहीं होती, बल्कि यह सीधे लोगों के जीवन स्तर को प्रभावित करती है। जब खाद्य पदार्थ, ईंधन और आवश्यक वस्तुएं महंगी होती हैं तो सबसे अधिक परेशानी गरीब और मध्यम वर्ग को होती है। उनकी आय सीमित रहती है, जबकि खर्च लगातार बढ़ता जाता है। ऐसे में आर्थिक विकास के बड़े-बड़े आंकड़े भी आम आदमी को राहत नहीं दे पाते। रेपो दर को यथावत रखने का फैसला आरबीआइ की सतर्कता को दशार्ता है। हालांकि इससे महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है, लेकिन कर्ज लेने वाले लोगों को राहत नहीं मिल पाएगी। उद्योगों और उपभोक्ताओं दोनों को सस्ती वित्तीय सुविधाओं की अपेक्षा थी। इसलिए यह निर्णय आर्थिक स्थिरता बनाए रखने और विकास को गति देने के बीच संतुलन साधने का प्रयास माना जा सकता है। चिंता की बात यह भी है कि देश के सामने केवल वैश्विक संकट ही नहीं, बल्कि घरेलू चुनौतियां भी मौजूद हैं। सामान्य से कम मानसून और अल-नीनो की आशंका कृषि उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। यदि ऐसा हुआ तो खाद्यान्नों की कीमतों में और वृद्धि हो सकती है। इससे महंगाई का दबाव और बढ़ेगा तथा आम लोगों की मुश्किलें भी। सरकार के लिए यह समय केवल विकास दर बढ़ाने का नहीं, बल्कि विकास को जनहित से जोड़ने का है। निवेश, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी आवश्यक है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने और कमजोर वर्गों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। आर्थिक प्रगति तभी सार्थक मानी जाएगी जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। यदि विकास के साथ महंगाई पर नियंत्रण नहीं रखा गया तो आर्थिक उपलब्धियों का असर आम जनता तक नहीं पहुंच पाएगा।

# बांग्लादेश से रक्षा संबंध बना रहा तुर्किये

**नीरज कुमार दुबे**



दक्षिण एशिया की बदलती भू राजनीतिक बिसात पर अब एक नया और बेहद खतरनाक समीकरण तेजी से उभर रहा है। भारत विरोधी रवैये के लिए लंबे समय से चर्चित तुर्किये अब केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने बांग्लादेश के साथ भी अपने रक्षा और सामरिक रिश्तों को तेजी से विस्तार देना शुरू कर दिया है। ढाका पहुंचे तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने जिस तरह बांग्लादेश को दक्षिण एशिया की सुरक्षा संरचना का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया, उसने नई दिल्ली की चिंता और गहरा दी है। इस बयान को भारत के चारों ओर रणनीतिक दबाव बनाने की सुनियोजित चाल के रूप में देखा जा रहा है। तुर्किये ने साफ संकेत दे दिया है कि वह दक्षिण एशिया में अपनी मौजूदगी केवल व्यापार या मानवीय सहायता तक सीमित नहीं रखना चाहता। ढाका में हुई उच्च स्तरीय वार्ता में रक्षा सहयोग, रक्षा उत्पादन, सामरिक साझेदारी और आर्थिक विस्तार पर जिस गंभीरता से चर्चा हुई, वह भारत के लिए साधारण घटना नहीं है। बांग्लादेश ने तुर्किये को रक्षा सामग्री निर्माण में निवेश का खुला न्योता दिया है। दोनों देशों ने पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर रणनीतिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही है। यह वही तुर्किये है जिसने पाकिस्तान के साथ मिलकर वर्षों तक भारत विरोधी मोचेबंदी की, कश्मीर मुद्दे पर खुलकर इस्लामाबाद का साथ दिया और इस्लामी सहयोग संगठन के मंचों पर भारत के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया। उधर, दिल्ली की सबसे बड़ी चिंता यह है कि तुर्किये अब भारत के पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान और पूर्वी मोर्चे पर बांग्लादेश के साथ समानांतर सामरिक रिश्ते बना रहा है। यह दो तरफा दबाव की रणनीति जैसी दिखाई देती है। पाकिस्तान पहले से ही तुर्किये के रक्षा उद्योग, ड्रोन तकनीक और सैन्य प्रशिक्षण का लाभ उठा रहा है। अब यदि वही ढांचा बांग्लादेश तक पहुंचता है, तो भारत के लिए सुरक्षा समीकरण और जटिल हो जाएंगे। खास तौर पर तब, जब बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार अपनी विदेश नीति को नए ढंग से गढ़ने की कोशिश कर रही है।

इसके अलावा, तुर्किये और बांग्लादेश के बीच केवल रक्षा सहयोग ही नहीं, बल्कि आर्थिक और संस्थागत साझेदारी भी तेजी से बढ़ रही है। दोनों देश व्यापार को तेरह अरब डॉलर से बढ़ाकर बीस अरब डॉलर तक ले जाने की तैयारी में हैं। विशेष आर्थिक क्षेत्रों में तुर्किये को निवेश का निमंत्रण दिया गया है। वस्त्र, दवा निर्माण, जहाज निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जा रहा है। ढाका में अंतरराष्ट्रीय स्तर का अस्पताल और नर्सिंग संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया गया है। यह साफ दिखाता है कि तुर्किये केवल सैन्य साझेदारी नहीं, बल्कि दीर्घकालिक प्रभाव स्थापित करने की नीति पर काम कर रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि तुर्किये दक्षिण एशिया में खुद को मुस्लिम दुनिया के प्रभावशाली संरक्षक के रूप में स्थापित करना चाहता है। रोहिंग्या मुद्दे पर उसकी सक्रियता, गाजा पर आक्रामक बयानबाजी और बांग्लादेश के साथ मानवीय सहयोग इसी रणनीति का हिस्सा हैं। लेकिन इसके पीछे छिपा बड़ा उद्देश्य क्षेत्रीय प्रभाव विस्तार और भारत की सामरिक चुनौती को बढ़ाना है।

> *अन्नामलाई ने अपने नए आंदोलन वी द लीडर की घोषणा करते हुए साफ कर दिया कि उनका उद्देश्य केवल एक और राजनीतिक दल खड़ा करना नहीं, बल्कि राजनीति की भाषा और संस्कृति को बदलना है। उन्होंने परिवारवाद और व्यक्तिपूजा की राजनीति पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि किसी भी विधायक, सांसद या मंत्री का पद स्थायी नहीं होना चाहिए। यह बयान तमिलनाडु की उस परंपरागत राजनीति पर करारा प्रहार है जिसमें कुछ परिवारों और सीमित चेहरों के इर्दगिर्द सत्ता घूमती रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अन्नामलाई ने राजनीति में तकनीकी विशेषज्ञों, युवाओं और सामान्य नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में आने की अपील करते हुए कहा कि अब आम आदमी की नई पीढ़ी की राजनीति की नींव रखी जा रही है।*

वैसे तो तुर्किये लगातार यह कह रहा है कि भारत को उसके पाकिस्तान से रिश्तों की वजह से उससे दूरी नहीं बनानी चाहिए। लेकिन असली सवाल भरोसे का है। राष्ट्रपति एर्दोआन कई बार खुलकर कश्मीर पर पाकिस्तान के समर्थन में बयान दे चुके हैं। तुर्किये ने पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा रिश्ते भी काफी मजबूत कर लिए हैं। इतना ही नहीं, पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान को रक्षा उपकरण और ड्रोन तक मुहैया कराए थे। भारत ने पाकिस्तान की तरफ से आए जिन कई ड्रोनों को मार गिराया था, उनमें तुर्किये में बने ड्रोन भी शामिल थे। ऐसे में तुर्किये का भारत से दोस्ती और संतुलन की बात करना नई दिल्ली को एक सोची समझी रणनीतिक चाल जैसा लगता है। यही वजह है कि भारत भी अब तुर्किये को उसी की भाषा में जवाब दे रहा है। दरअसल, भारत ने हाल के वर्षों में साइप्रस और ऑर्मेनिया के साथ अपने रक्षा संबंधों को तेजी से मजबूत किया है। ऑर्मेनिया अब भारतीय हथियारों का बड़ा खरीदार बन चुका है। साइप्रस के साथ भी भारत रणनीतिक और रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। यह सीधे-सीधे तुर्किये को संदेश है कि यदि अंकारा भारत के पड़ोस में दखल बढ़ाएगा, तो नई दिल्ली भी तुर्किये के सामरिक क्षेत्र में जवाबी दबाव बनाएगी। जिस तरह तुर्किये पाकिस्तान और अब बांग्लादेश के जरिए भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है, उसी तरह भारत भी तुर्किये के विरोधी या प्रतिस्पर्धी देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है। यह नई शीत प्रतिद्वंद्विता का संकेत है।

उधर, बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की विदेश नीति भी इस समय भारत के लिए गहरी चिंता का विषय बनती जा रही है। भारत की ओर से सबसे पहले आधिकारिक यात्रा का निमंत्रण मिलने के बावजूद रहमान ने पहले मलेशिया और फिर चीन जाने का फैसला किया। ढाका ने साफ तौर पर यह संदेश देने की कोशिश की कि वह अब केवल भारत पर निर्भर रहने वाली नीति से आगे बढ ?ा चाहता है। खास बात यह है कि चीन यात्रा के दौरान तीस्ता परियोजना समेत कई बड़े रणनीतिक मुद्दों पर बातचीत की संभावना जताई जा रही है। साथ ही तारिक रहमान की मलेशिया यात्रा को केवल एक सामान्य विदेश दौरे के तौर पर नहीं देखा जा रहा है। इसके पीछे साफ रणनीतिक सोच दिखाई दे रही है। बांग्लादेश नहीं चाहता था कि नई सरकार की पहली विदेश यात्रा सीधे भारत या चीन में से किसी एक देश की तरफ झुकाव का संकेत दे। यही वजह है कि ढाका ने मलेशिया को पहले पड़ाव के तौर पर चुना, ताकि वह खुद को तटस्थ दिखा सके और भारत, चीन प्रतिस्पर्धा से दूरी बनाने का संदेश दे सके। लेकिन इसके राजनीतिक और सामरिक मायने काफी बड़े हैं। मलेशिया यात्रा के बाद चीन जाने की तैयारी यह संकेत देती है कि बांग्लादेश अब अपनी विदेश नीति को नए संतुलन के साथ आगे बढ़ाना चाहता है। इससे भारत की चिंता इसलिए बढ़ रही है क्योंकि ढाका अब एक साथ चीन, तुर्किये, पाकिस्तान और अन्य इस्लामी देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने की दिशा में बढ़ता दिख रहा है। यह आने वाले समय में भारत के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक चुनौती को और कठिन बना सकता है।

देखा जाये तो भारत के लिए यह समय बेहद सतर्क रहने का है। पाकिस्तान के साथ तुर्किये की साझेदारी पहले ही चिंता का कारण थी, लेकिन अब यदि बांग्लादेश भी उसी धुरी का हिस्सा बनने लगता है, तो यह भारत की पूर्वी सुरक्षा संरचना के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। हालांकि भारत को कम करके आंकना ढाका, इस्लामाबाद और अंकारा तीनों की सबसे बड़ी भूल साबित हो सकती है। भले ही बांग्लादेश चीन, पाकिस्तान और तुर्किये के साथ मिलकर नए समीकरण बनाने की कोशिश करे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति बेहद दूरदर्शी और बहुस्तरीय मानी जाती है। कभी कभार ऐसा लग सकता है कि भारत चुप क्यों है, लेकिन इतिहास गवाह है कि सही समय आने पर प्रधानमंत्री मोदी का जवाब बेहद सटीक और ताकतवर होता है। कूटनीति का जवाब कूटनीति से और रणनीतिक चालों का जवाब उससे भी बड़ी चाल से देना ही मोदी की कार्यशैली रही है। यही वजह है कि आज भारत केवल अपने विरोधियों की गतिविधियों पर नजर नहीं रख रहा, बल्कि उनके हर कदम का जवाब देने के लिए समानांतर रणनीतिक मोर्चे भी तैयार कर रहा है।

**– लेखक के निजी राय हैं।**

# सुविधाओं के शोर में खोती जा रही मानवीय सहजता

**पवन शर्मा**



शहर धीरे-धीरे बदलते हैं, लेकिन उनके बदलने की आवाज बहुत कम लोगों को सुनाई देती है। यह आवाज किसी मशीन की तरह तेज नहीं होती, बल्कि किसी पुराने दरवाजे के धीरे-धीरे बंद होने जैसी होती है। पहले मोहल्लों में दरवाजे खुले रहते थे। लोग बिना सूचना के एक-दूसरे के घर चले जाते थे। चाय चढ़ जाती थी, बातें शुरू हो जाती थीं और समय बिना हिसाब के बीत जाता था। अब दरवाजे पहले से अधिक मजबूत हो गए हैं, घंटियां पहले से अधिक आधुनिक हो गई हैं, लेकिन दस्तकें कम हो गई हैं। हम अपने पुराने मोहल्ले से गुजर कर देखें। वही गलियां होंगी, वही पेड़, वही मोड़, लेकिन उनमें वह आत्मीयता नहीं होगी, जो कभी उन जगहों की असली पहचान हुआ करती थी। बच्चे गली में क्रिकेट खेलते थे, महिलाएं एक-दूसरे के घरों से कटोरी में चीनी या चायपत्ती मांग लाती थीं और बुजुर्ग सड़क किनारे बैठकर मौसम और राजनीति पर चर्चा करते रहते थे। अब वहां ऊंची दीवारें हैं और हर दरवाजे पर कैमरे लगे हैं। हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन सहजता घट गई है। मोबाइल फोन ने संवाद को आसान बनाया, लेकिन बातचीत को छोटा कर दिया। अब हालचाल पूछना भी एक औपचारिक क्रिया बनता जा रहा है। किसी की आवाज सुनने की जगह लोग नीले टिक देखकर संतोष कर लेते हैं। रिश्ते अब शब्दों से कम और संकेतों से ज्यादा चलने लगे हैं।

आखिर ऐसा क्या बदल गया कि लोगों ने एक-दूसरे के जीवन में धीरे-धीरे आना बंद कर दिया। शायद हम सब अपने-अपने संघर्षों में इतने व्यस्त हो गए कि दूसरों की थकान देखना भूल गए। पहले दुख साझा होते थे। किसी घर में बीमारी होती तो पूरा मोहल्ला उसके साथ खड़ा दिखाई देता। अब लोग संवेदनाएं भी संदेशों में भेजने लगे हैं। शब्द बचे दिखते हैं, लेकिन उनका ताप कम हो गया है। कुछ समय पहले रेलवे स्टेशन पर एक वृद्ध व्यक्ति हाथ में पुराना बैग थामे थे। उनकी आंखों में बेचैनी थी। वे बार-बार टिकट को जेब से निकालकर देखते और फिर प्लेटफार्म की ओर देखने लगते। शायद किसी का इंतजार कर रहे थे। उनके पास बैठा एक लड़का मोबाइल पर वीडियो देख रहा था। आसपास सैकड़ों लोग थे, लेकिन उस बूढ़े आदमी की घबराहट किसी की नजर में नहीं आ रही थी। थोड़ी देर बाद पूछने के बाद मुस्करा कर उन्होंने कहा कि बेटा आने वाला था, शायद ट्रैफिक जाम में फंस गया होगा। उनकी आवाज में शिकायत कम, भरोसा ज्यादा था। यानी दुनिया अभी पूरी तरह कठोर नहीं हुई है। उम्मीद अब भी लोगों के भीतर बची हुई है। बूढ़े पिता अब भी बेटों का इंतजार करते हैं, मांएं अब भी बच्चों के लौटने तक जागती रहती हैं और कुछ लोग अब भी किसी अनजान आदमी से रास्ता पूछ लेने भर से सहज हो जाते हैं।

समाज केवल सड़कों, इमारतों और योजनाओं से नहीं बनता। वह छोटे-छोटे मानवीय व्यवहारों से बनता है। किसी थके हुए आदमी को पानी पूछ लेना, पड़ोसी की अनुपस्थिति में उसके घर का ध्यान रख लेना, रिक्शेवाले से सम्मान से बात करना, बच्चों की बात धैर्य से सुन लेना- ये मामूली लगने वाले व्यवहार ही समाज को रहने योग्य बनाते हैं। आज जब दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है, तब सबसे अधिक आवश्यकता संवेदनशील बने रहने की है। आधुनिक होना बुरा नहीं है, लेकिन इतना आधुनिक हो जाना खतरनाक है कि हमें किसी की आंखों की उदासी दिखाई देना बंद हो जाए। मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान उसकी करुणा है। यदि वही कम होने लगे तो विकास अधूरा रह जाएगा।शायद यही कारण है कि आज संवेदनशीलता केवल एक नैतिक गुण नहीं, बल्कि सामाजिक आवश्यकता बन गई है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां सूचनाएं पहले से कहीं अधिक तेजी से पहुंचती हैं, लेकिन भावनाएं उतनी ही धीमी होती जा रही हैं। किसी दुर्घटना, किसी पीड़ा या किसी संघर्ष की खबर कुछ ही क्षणों में हमारे मोबाइल तक पहुंच जाती है, पर कई बार वह हमारे मन तक नहीं पहुंच पाती। हम देख लेते हैं, जान लेते हैं, लेकिन महसूस करने की क्षमता धीरे-धीरे कम होती जाती है। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है कि मनुष्य का वास्तविक विकास केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं मापा जा सकता। उसका आकलन इस बात से भी होना चाहिए कि वह अपने आसपास के लोगों के प्रति कितना सजग और सहृदय है। जीवन की भागदौड़ में अगर हम किसी अजनबी की परेशानी देखकर दो पल ठहर सकें, किसी उदास चेहरे पर मुस्कान लौटाने का प्रयास कर सकें या किसी अकेले व्यक्ति को यह एहसास दिला सकें कि वह अकेला नहीं है, तो शायद समाज थोड़ा और बेहतर बन सके। करुणा और सहानुभूति ऐसी पूंजी हैं, जो बांटने से घटती नहीं, बल्कि बढ़ती हैं। यही वे मूल्य हैं जो परिवारों को जोड़े रखते हैं, पड़ोस को जीवंत बनाते हैं और समाज को मानवीय बनाए रखते हैं। आखिरकार भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती मशीनों को अधिक बुद्धिमान बनाना नहीं, बल्कि मनुष्यों को पर्याप्त मानवीय बनाए रखना है। अगर हम यह संतुलन बचा सके, तो आधुनिकता और मनुष्यता साथ-साथ चल सकेंगी। कभी-कभी लगता है कि हमें फिर से दस्तक देना सीखना होगा- दूसरों के दरवाजों पर, और उनके मन पर भी, क्योंकि दुनिया आखिरकार तकनीक से नहीं, मनुष्यता से बची रहेगी।

**– लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**11 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.35 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कर्क | 07.48 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.04 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.16 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.27 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.42 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.58 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.03 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.49 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मीन | 00.22 बजे से |
| | | मेष | 01.53 बजे से |
| | | वृष | 03.33 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 162 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** एकादशी 22.37 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 08.17 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 01.00 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बव 11.53 बजे तदनन्तर बालव 22.37 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 04'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872737
**जूलियन दिन** 2461202.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 25
**विशेष** कमला एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8888



**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,भगवान–2
3.सुंदर,खूबसूरत–3
6.सलाह,मत–2
8.स्नान करना–3
10.वध करना–3
12.निर्माण–3
14.रूई का पौधा–3
17.आयोग्य–3
19.अंजाम देना–3
21.कत्ल,हत्या–2
23.नौकरानी–3
25.गाने का ढंग, शैली–2
26.मुलायम–3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन–3
30.तृतीय, दूसरे के बाद–3
32.सेनापति, अगुवा–3
35.भीरु,डरपोक–3
37.कथा,गाथा–3
39.वध,मर्डर–2
40.राहु का एक पुत्र–3
41.एक विदेशी शराब

**ऊपर से नीचे**

1.क्रिकेट में बनते हैं–2
2.बसंत का समय–3
4.हद,सरहद–2
5.स्वर्ग का विलोम–3
7.यमराज,मृत्यु देवता–2
9.नृत्य करना–3
11.अपवित्र–3
13.असफल–3
15.सहज, आसान–3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना–3
18.आराम, मदद, चैन–3
20.मुखिया, सरदार–3
22.भूमि, वसुंधरा–3
24.क्रुद्ध, खफा होना–3
27.मक्खन–3
29.योग्य, काबिल, गुणवान–3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ–3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है–3
34.रास्ता, मार्ग–2
36.एक अंग्रेजी शराब–2
38.एक औषधीयुक्त पेड़–2

**शब्द पहेली -8887 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | ध | न | ■ | आ | द | मी | ■ |
| क | द | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ल |
| त | ■ | ■ | क | या | म | त | ■ | जा |
| रा | य | ता | ■ | र | ■ | र | च | ना |
| ■ | ■ | क | ला | ■ | आ | स | ■ | ■ |
| प | का | ना | ■ | मा | ■ | ना | का | म |
| ना | ■ | ■ | भ | न | क | ■ | ■ | न |
| ह | त्या | ■ | व | ■ | स | ■ | म | न |
| ■ | ग | ल | न | ■ | र | ट | ना | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7822** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -7821 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.



# आमिर खान की तीसरी पत्नी बनने जा रही हैं गौरी स्प्रैट

**एक्टर आमिर खान तीसरी बार शादी करने जा रहे हैं, यह बात अब किसी से छिपी नहीं है। वह अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ 5 जुलाई को शादी के बंधन में बंधेंगे। जैसे ही आमिर ने अपनी शादी की खबर कन्फर्म की, फैंस के मन में यह जानने की उत्सुकता बढ़ गई कि आखिर गौरी कौन हैं और उनकी लव स्टोरी कैसे शुरू हुई।**

### कौन हैं गौरी स्प्रैट

गौरी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी मां तमिलियन हैं और पिता आयरिश हैं। उनके दादा एक स्वतंत्रता सेनानी थे। गौरी का प्रोफेशनल बैकग्राउंड हेयरड्रेसिंग में है और उन्होंने लंदन के यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट्स से फैशन, स्टाइलिंग और फोटोग्राफी में एफडीए किया है। गौरी एक 6 साल के बेटे की मां भी हैं। उनके पहले पति के बारे में ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। फिलहाल वह आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस 'आमिर खान फिल्म्स' में काम कर रही हैं।

### कैसे शुरू हुई आमिर और गौरी की लव-स्टोरी

आमिर खान ने साल 2025 में अपने 60वें जन्मदिन पर गौरी को सभी से मिलवाया था। उस समय मुंबई में मीडिया के साथ एक प्राइवेट गेट-टुगेदर में उन्होंने अपने रिश्ते को कन्फर्म किया था। आमिर ने बताया था कि दोनों एक-दूसरे को 25 साल से जानते हैं और करीब डेढ़ साल पहले फिर से कनेक्ट हुए। उन्होंने कहा था, 'हम अचानक मिले, फिर संपर्क में रहे और सब कुछ अपने आप आगे बढ़ता गया।' आमिर ने यह भी बताया कि गौरी ने उनकी बहुत कम फिल्में देखी हैं, जिनमें 'लगान' और 'दंगल' शामिल हैं। आमिर ने कहा, 'वह अभी भी बॉलीवुड की इस दुनिया को समझने की कोशिश कर रही हैं।'



# मैं चुप नहीं बैठूंगी और न्याय के लिए लड़ती रहूंगी


अभिनेत्री सेलिना जेटली एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पति पीटर हाग से तलाक और बच्चों की कस्टडी को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब उन्होंने अपने पति और ससुर की ओर से भेजे गए कानूनी नोटिसों पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। सेलिना ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा बयान जारी करते हुए कहा कि वह किसी भी तरह की कानूनी धमकी या दबाव के आगे झुकने वाली नहीं हैं। वह अपने बच्चों, अपने अधिकारों और न्याय के लिए यह लड़ाई जारी रखेंगी। शुक्रवार को सेलिना जेटली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया। उन्होंने उन कानूनी नोटिसों का जवाब दिया, जो हाल ही में उनके पति पीटर हाग और उनके ससुर वोल्फगैंग हाग की ओर से भेजे गए हैं। नोटिस में अभिनेत्री पर मानहानि करने का आरोप लगाया गया है और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है, हालांकि सेलिना ने बताया कि उन्होंने अपने लीगल रिप्रजेंटेटिव के जरिए इन नोटिसों का जवाब दे दिया है। अभिनेत्री ने कहा, ''कई साल तक हमारे परिवार से जुड़ी पब्लिसिटी को बढ़ावा दिया जाता रहा, जिसमें मैगजीन कवर, इंटरव्यू और परिवार से जुड़े कई आर्टिकल्स में शामिल होते रहे हैं, लेकिन अब जब मैंने अपनी निजी परेशानियों, कानूनी संघर्ष और एक मां के रूप में अपनी चिंताओं के बारे में बात करनी शुरू की, तो मुझे जवाब देने के बजाय कानूनी नोटिस भेजे गए। ये बच्चे मेरे भी हैं, मैं उनकी मां हूं और मैं उनके लिए यह लड़ाई जारी रखूंगी।'' सेलिना जेटली ने आगे कहा, ''मैं हमेशा से ज्वाइंट कस्टडी और आपसी सहमति से तलाक के पक्ष में रही हूं। मैंने कई बार शांतिपूर्ण समाधान की कोशिश की, लेकिन कोर्ट के ऑर्डर होने के बावजूद मैं अपने बच्चों से बात नहीं कर पा रही हूं। लगातार मुझे अपने बच्चों से दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।'' अपने बयान में सेलिना ने बच्चों को लेकर अपनी चिंता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''मुझे डर है कि बच्चों को उनकी जानकारी और सहमति के बिना ऑस्ट्रिया और भारत की अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर ले जाया जा सकता है। एक मां होने के नाते यह मेरा अधिकार और जिम्मेदारी दोनों है कि मैं ऐसी चिंताओं को पब्लिकली उठाऊं और अपने बच्चों के हितों की रक्षा करूं।'' इससे पहले पीटर हेग और उनके पिता की ओर से भेजे गए कानूनी नोटिसों में कहा गया था कि इस मामले में सार्वजनिक रूप पर लगाए गए आरोप उनकी छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसका असर बच्चों पर पड़ सकता है। हालांकि सेलिना जेटली का कहना है कि ऐसा करके उन्हें बदनाम करने, डराने और चुप कराने की कोशिश की जा रही है।



# डार्क किरदार पर बोलीं ईशा सिंह

टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री ईशा सिंह आगामी फिल्म 'ऑब्सेस' की रिलीज को लेकर तैयार हैं। डार्क और सस्पेंस से भरपूर ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है। साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में डार्क किरदार को लेकर अभिनेत्री का कहना है कि एक एक्टर को पता होना चाहिए कि कब किरदार में रहना है और कब उससे बाहर निकलना है। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया, 'एक एक्टर के तौर पर आपको यह अच्छी तरह पता होना चाहिए कि कैमरे के सामने कब किरदार में आना है (ऑन होना) और शॉट खत्म होने पर कब उससे बाहर निकलना है (ऑफ होना)। हां, यह सच है कि कुछ किरदार निभाते समय आप बहुत गहराई में चले जाते हैं लेकिन किस्मत से हमारी फिल्म के सेट का माहौल बहुत ही सकारात्मक और मददगार था। आसपास के लोग लगातार मेरा ख्याल रख रहे थे, जिसकी वजह से यह किरदार मुझ पर भावनात्मक रूप से भारी नहीं पड़ा।' आज के समय में बढ़ते टॉक्सिक अटैचमेंट और जुनूनी व्यवहार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि सोशल मीडिया आने से पहले भी समाज में इस तरह के जुनूनी लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा, 'फर्क बस इतना है कि अब सब कुछ बहुत जल्दी दिखाई देने लगता है क्योंकि हर किसी के पास फोन है और जानकारी तुरंत फैल जाती है। सोशल मीडिया के पॉजिटिव और नेगेटिव, दोनों पहलू हैं। 'ऑब्सेस' के बारे में मुझे जो बात सबसे ज्यादा पसंद आई, वह यह है कि इसकी कहानी में कई भावनात्मक परतें हैं। जब दर्शक यह फिल्म देखेंगे, तो वे समझ जाएंगे कि इन विषयों को कितनी गहराई से दिखाया गया है।' अपनी बात को रखते हुए अभिनेत्री ने फिल्म के निर्देशक पीटर की बात को याद करते हुए कहा, 'पीटर सर ने एक बार कहा था, हर इंसान के अंदर एक फरिश्ता और एक शैतान, दोनों होते हैं। इनमें से कौन सा पहलू कितना बाहर आता है, यह पूरी तरह से उस इंसान पर निर्भर करता है।' अभिनेत्री ने किरदार के भावनात्मक बोझ से पूरी तरह मुक्त होने को जरूरी बताते हुए बताया कि काम के दौरान आप मानसिक रूप से उसी दुनिया में रहते हैं। कुछ दिन बहुत भारी होते हैं, तो कुछ अच्छे, लेकिन काम खत्म होते ही उस काल्पनिक दुनिया से बाहर निकलना एक कलाकार के मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

# इमरान हाशमी की फिल्म 'आवारापन 2' की शूटिंग हुई पूरी



विशेष फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म 'आवारापन 2' की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की है। यह फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई 'आवारापन' का सीक्वल है। फिल्म का निर्देशन नितिन कक्कड़ ने किया है, जबकि इसका निर्माण विशेष भट्ट ने किया है। फिल्म की शूटिंग राजस्थान और दक्षिण-पूर्व एशिया के विभिन्न स्थानों पर की गई है। मेकर्स के अनुसार...'यह फिल्म 14 अगस्त को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में इमरान हाशमी एक बार फिर शिवम के किरदार में नजर आएंगे। उन्होंने यह भूमिका पहली बार लगभग दो दशक पहले 'आवारापन' में निभाई थी।
वहीं, दिशा पाटनी पहली बार विशेष फिल्म्स के साथ काम कर रही हैं और इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं।' फिल्म की स्क्रिप्ट बिलाल सिद्दीकी ने लिखी है। निर्माण की जिम्मेदारी विशेष फिल्म्स के बैनर तले विशेष भट्ट ने संभाली है। बता दें कि 'आवारापन' का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। पहली फिल्म में इमरान के साथ श्रिया सरन, मृणालिनी शर्मा, आशुतोष राणा, आशीष विद्यार्थी, शाद रंधावा और पूरब कोहली जैसे कलाकार नजर आए थे।

# ट्रोल्स और आलोचनाओं को हैंडल करना सीख गई हूं



एक्ट्रेस रकुल प्रीत के पति जैकी भगनानी तब हाल ही सोशल मीडिया पर निशाने पर आ गए जब उन्होंने मजाक में पनी और रकुल की शादी को सिचुएशनशिप का नाम दे दिया। रकुल ने कहा- वेरिफाइड अकाउंट होना चाहिए और वो भी आधार से लिंक, ताकि सोशल मीडिया पर कोई भी मनमानी न कर सके। बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस रकुल प्रीत और उनके मेकर-एक्टर पति हाल ही में उस वक्त ट्रोल्स के निशाने पर आ गए जब जैकी भगनानी ने अपने एक इंटरव्यू में मजाक-मजाक में अपनी और रकुल की शादी को सिचुएशनशिप का नाम दे दिया। उसके बाद तो लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कमेंट्स करने लगे। उसके कुछ समय बाद ही रकुल ने सोशल मीडिया पर मजाकिया लहजे में एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें वे हंसते हुए जैकी को डांटती दिख रही थीं और जैकी उनसे कान पकड़ कर माफी मांगते नजर आए। यह पहली बार नहीं था, जब रकुल ट्रोलिंग का शिकार हुईं। इससे पहले भी कई बार उन्हें इस तरह के हालात का सामना करना पड़ा है।

### आप हर किसी को खुश नहीं कर सकते

अब इंडस्ट्री में 16-17 साल बिताने के बाद वे ट्रोल्स और आलोचनाओं को हैंडल करना सीख गई हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग को लेकर रकुल कहती हैं, 'मेरा मानना है कि हम जैसा कोई आर्टिस्ट हो या फिर आम इंसान, आपको सोशल मीडिया के शोर से बचने का हुनर सीखना होता है। अगर आप वो नहीं करेंगे, तो अपना काम कभी भी सही तरीके से नहीं कर पाएंगे। देखिए, मुझे लगता है कि कलाकार को अपने काम पर ध्यान देना चाहिए और ट्रोल्स को नजरंअदाज करना चाहिए। वरना आपकी मानसिक स्थिति पर फर्क पड़ सकता है। सोशल मीडिया का क्या है, न कि कभी किसी को आपकी शक्ल पसंद नहीं आएगी, तो कभी कोई आपके कपड़ों पर कॉमेंट कर देगा। हो सकता है कभी किसी को आपकी फिल्म न जंचे, तो आप सभी को खुश नहीं कर सकते।



# एक मुंज्या के चलने, उसके 100 करोड़ कमाने की वजह से बहुत सारे दरवाजे खुले

हॉरर कॉमिडी फिल्म मुंज्या से लोगों के दिलों में बस चुकीं शर्वरी वाघ ने कहा- शुरुआती दौर में बॉक्स ऑफिस उतना मायने नहीं रखता, लेकिन एक बड़ी सफलता कई और दरवाजे जरूर खोल देती है। उन्होंने आलिया भट्ट को लेकर भी बातें कीं। हॉरर कॉमिडी फिल्म मुंज्या की अप्रत्याशित सफलता के बाद ऐक्ट्रेस शर्वरी वाघ के सितारे इन दिनों काफी बुलंद हैं। एक ओर वह अली अब्बास जफर की अहान पांडे स्टारर और आलिया भट्ट के साथ अल्फा जैसी बड़ी फिल्में कर रही हैं, वहीं जल्द ही इम्तियाज अली की पीरियड रोमांस फिल्म मैं वापस आऊंगा में भी मुख्य भूमिका निभा रही है। हालांकि, इससे पहले शर्वरी ने अपनी बहुचर्चित डेब्यू फिल्म बंटी और बबली 2 की असफलता भी देखी। ऐसे में, सफलता और असफलता को लेकर शर्वरी का कहना है कि करियर के शुरुआती दौर में बॉक्स ऑफिस उतना मायने नहीं रखता, लेकिन एक बड़ी सफलता कई और दरवाजे जरूर खोल देती है।

### फिल्म चलती है तो मौके बढ़ते हैं

बकौल शर्वरी, 'हमारा मकसद तो हर फिल्म को लेकर एक ही होता है। हम हर फिल्म उतने ही दिल से, उसी जुनून से करते हैं। मेरी कोशिश हर फिल्म में यही होती है कि हर किरदार को पूरी ईमानदारी से कर पाऊं। मेरा मानना है कि बॉक्स ऑफिस इतने शुरुआत में इतना मायने नहीं रखता है, लेकिन यह जरूर होता है कि एक मुंज्या के चलने, उसके सौ करोड़ कमाने की वजह से बहुत सारे दरवाजे खुल जाते हैं। वह जरूर होता है और आप उस मौके को जितनी जल्दी पकड़ सकें, अपनी कड़ी मेहनत से उसका लाभ उठा सकें और बेहतर काम कर सकें तो अच्छा है और यही मैंने किया।'

### शिद्दत वाले प्यार का अहसास नहीं बदलता

शर्वरी की नई फिल्म 1947 के बंटवारे के पहले की लव स्टोरी सुनाती है। ऐसे में, तब और अब के प्यार में आए बदलावों पर शर्वरी का कहना है, 'प्यार तो प्यार ही होता है, चाहे वो उस जमाने का हो, आज का हो, या फिर आने वाले कल का है। दो लोगों के बीच जो प्यार होता है वो बहुत ही अनमोल होता है। हां, आज शायद प्यार की भाषा थोड़ी अलग है, मगर जब दो दिल मिलते हैं तो फीलिंग एक सी ही होती है, क्योंकि प्यार तो यूनिवर्सल होता है। हालांकि, मैं यह जरूर मानती हूं कि आज प्यार आसान हो गया है। दो लोगों का मिलना आसान हो गया है, आपस में बात करना आसान हो गया है तो ऐसा लगता है कि अरे, आजकल सब कितना आसान है लेकिन जब फीलिंग सेम होती है और अगर आप किसी से शिद्दत से प्यार करते हैं तो उससे एक बार मिलो या सौ बार मिलो, वो फीलिंग तो वही रहेगी।'
मैं यह जरूर मानती हूं कि आज प्यार आसान हो गया है। दो लोगों का मिलना आसान हो गया है, आपस में बात करना आसान हो गया है तो ऐसा लगता है कि अरे, आजकल सब कितना आसान है लेकिन जब फीलिंग सेम होती है और अगर आप किसी से शिद्दत से प्यार करते हैं तो उससे एक बार मिलो या सौ बार मिलो, वो फीलिंग तो वही रहेगी।

### सौ साल पुराने घर में मिलता है सुकून

वहीं, वह जगह जहां शर्वरी को बार-बार लौटने का मन करता है, यह पूछने पर उन्होंने बताया, 'मेरे लिए वह जगह मेरा पैतृक घर है। हमारे गांव मोरगांव में हमारा एक घर है। वह घर 100 साल पुराना है। हम मराठी में उसे वाड़ा कहते हैं। हम अब भी हर साल गणपति में वहां जाते ही हैं। वो मेरी सबसे पसंदीदा जगह है। वहां जाकर मुझे अलग ही सुकून मिलता है। वहां मेरे दादा-परदादा सबकी फोटो लगी हैं, उनके कॉलेज की डिग्री लगी है। कई बार मेरा मन करता है कि अगर मैं पुराने वक्त में जा पाऊं तो मैं देखना चाहूंगी कि पहले वो घर कैसा था? उसे कैसे सजाते थे? क्योंकि वहां पर ऐसी कई चीजें हैं, जहां शायद झूला लग सकता था या बेड भी लग सकता था तो मेरा मन करता है कि काश मैं वो सब देख पाती।'

### खुद की नहीं, फिल्म की सोचती हैं आलिया



शर्वरी इन दिनों आलिया भट्ट के साथ वाली ऐक्शन थ्रिलर फिल्म अल्फा को लेकर चर्चा में हैं। आलिया के साथ काम करने अनुभव पर शर्वरी ने कहा, 'आलिया फिल्म की एक सहयोगी, एक दोस्त की तरह काम करती हैं। यह उनकी सबसे बेहतरीन क्वॉलिटी है कि वह सबको साथ लेकर चलती हैं। वह फिल्म की बेहतरी के लिए काम करती है, न कि अपनी बेहतरी के लिए, यह उनकी सबसे बड़ी खासियत है।'

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से गूगल इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा**

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बुधवार को नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में गूगल इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट चंदू थोटा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान बिहार में डिजिटल विकास, तकनीकी नवाचार तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति-2026 की जानकारी देते हुए गूगल को राज्य में अपना ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से डिजिटल परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है और राज्य में तकनीकी निवेश तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक और डिजिटल समाधान के उपयोग पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि तकनीकी सहयोग के माध्यम से जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है तथा राज्य के विकास को नई गति दी जा सकती है। गूगल इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने भी बिहार में उपलब्ध संभावनाओं और डिजिटल अवसंरचना के विकास में सहयोग को लेकर सकारात्मक रुचि दिखाई। बैठक के दौरान राज्य में डिजिटल इकोसिस्टम को मजबूत बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री और गूगल इंडिया के प्रतिनिधियों ने बिहार के डिजिटल विकास को गति देने के लिए दीर्घकालिक एवं सुदृढ़ साझेदारी की दिशा में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी



**भागलपुर।** जिले के सबौर थाना क्षेत्र में हुए चर्चित हत्याकांड का खुलासा करते हुए भागलपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में शामिल तीन मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। उक्त आशय की जानकारी सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को दी। सिटी एसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के निर्देश पर जिले में वांछित अपराधियों, अवैध शराब, हथियार एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सबौर थाना को सूचना मिली कि आर्य टोला, इंजीनियरिंग कॉलेज रोड पर अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल निराला यादव, पिता स्व. लक्ष्मण यादव, निवासी गोपालपुर, को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (मायागंज) भेजा गया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र रोहित कुमार के बयान पर सबौर थाना मे केस दर्ज कर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ अनुसंधान शुरू किया गया वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज और मानव स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने इस हत्याकांड में संलिप्त तीन अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### फरार नक्सली गिरफ्तार



**बेगूसराय।** पुलिस के द्वारा जघन्य कांडों में फिरार अपराधकर्मियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान डीआईयू टीम के गुप्त सूचना के आधार पर भगवानपुर थाना काण्ड सं०-25/12 का प्राथमिकी नक्सली अभियुक्त 01 गौतम पासवान, पे0-उमेश पासवान, सा०-गेनहरपुर, थाना-बीरपुर, जिला-बेगूसराय को मुफ्फसिल थानांतर्गत खम्हार पासवान टोला के बगीचा (गाछी) से STF ArG ASX STF sog -3 एवं Diu टीम बेगूसराय की संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार किया गया है। तथा न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**तेघड़ा/बेगूसराय।** बेगूसराय जिला में अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर फुलवड़िया थाना की पुलिस के द्वारा 01 व्यक्ति सुधीर कुमार उम्र-22 वर्ष, पिता-रामाधार महतो, सकिन-साहुरी वार्ड नं0-04, थाना-वीरपुर, जिला-बेगूसराय को कुल मात्रा-37.98 लीटर विदेशी शराब एवं 01 मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### डीएम ने जीविका दीदी के ग्रामीण हाट का शुभारंभ किया

**सहरसा।** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के माखर पंचायत में मनरेगा के सौजन्य से निर्मित ₹जीविका दीदी का ग्रामीण हाट₹ का बुधवार को उद्घाटन जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार एवं उप विकास आयुक्त गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार ने कहा कि जीविका हाट ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

# मुख्यमंत्री ने 94 लाख से ज्यादा पेंशनभोगियों के खातों में 1,100 करोड़ रुपये की पेंशन राशि भेजी

एजेंसी



**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को बड़ी राहत देते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित बिहार भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 94 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में 1100 रुपये प्रति माह की दर से लगभग 1100 करोड़ रुपये की राशि जारी की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों को हर महीने की 10 तारीख को नियमित रूप से पेंशन की राशि उनके खातों में उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थियों को 400 रुपये प्रति माह की राशि दी जाती थी, लेकिन सरकार ने इसे बढ़ाकर सीधे 1100 रुपये प्रति माह कर दिया है, ताकि बढ़ती महंगाई के बीच जरूरतमंद लोगों को बेहतर आर्थिक सहारा मिल सके। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजनों, विधवा महिलाओं और निःशक्तजनों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग देना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर राज्य सरकार ने 94 लाख से अधिक लाभुकों के खातों में एक साथ लगभग 1100 करोड़ रुपये की राशि भेजी है। यह कदम सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आगे भी प्रत्येक माह की 10 तारीख को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की जाती रहेगी। इसके अलावा राज्य सरकार विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने उन वरिष्ठ नागरिकों से भी अपील की, जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है लेकिन अभी तक उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे पात्र लोग शीघ्र आवेदन कर योजना से जुड़ें और सरकारी सहायता का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कई लोग आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक नहीं होने के कारण पेंशन योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों को जल्द से जल्द आधार लिंक कराने की सलाह देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे उन्हें बिना किसी बाधा के पेंशन राशि प्राप्त हो सकेगी। राज्य सरकार का मानना है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा हैं। नियमित और समयबद्ध भुगतान से लाखों परिवारों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी तथा बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

## सारण के 3.52 लाख लाभार्थियों को मिली राशि

एजेंसी

**सारण।** बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत मई 2026 की पेंशन राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधा हस्तांतरण कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस प्रक्रिया की शुरूआत की। जिला स्तर पर इस लाइव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छपरा मुख्यालय में किया गया, जहां जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग राहुल कुमार, डीपीओ आईसीडीएस किरण कुमारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और दर्जनों लाभार्थी मौजूद रहे। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को आर्थिक संबल देने वाली इस योजना के तहत जिले में कुल 3,52,637 लाभार्थियों के खातों में 41 करोड़ 92 लाख 92 हजार 200 रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है। जिले में योजना-वार विवरण के अनुसार मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,86,342 और वृद्धावस्था पेंशन योजना के 77,059 बुजुर्गों को लाभ मिला है।

## खान सर की एफआईआर रद्द करने की याचिका पर हाई कोर्ट ने मांगा राज्य सरकार से जवाब

एजेंसी



**पटना।** चर्चित शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर बुधवार को पटना उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है और चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह मामला पटना के कदमकुआं थाना में 5 जून 2026 को दर्ज की गई एफआईआर से जुड़ा है। खान सर और उनके सुरक्षा गार्ड के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उनके कोचिंग संस्थान के पास हुई एक झड़प के दौरान सुरक्षा गार्ड द्वारा कथित रूप से गोली चलाई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। बुधवार को इस मामले पर पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर झा की एकल पीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से एफआईआर को निराधार बताते हुए उसे रद्द करने की मांग की गई।

# कटिहार में सैनिक कल्याण कार्यालय शुरू, 4 जिलों के जवानों को सीधा लाभ

एजेंसी



**कटिहार।** सीमांचल के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। कटिहार के अनुमंडल कार्यालय परिसर में नवसृजित 'जिला सैनिक कल्याण कार्यालय' का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा किया गया। इस कार्यालय के शुरू होने से अब कटिहार, पूर्णिया, अररिया और किशनगंज जिले के लगभग 15 हजार सैनिक परिवारों को पेंशन, दस्तावेज सत्यापन या शिकायत निवारण के लिए भागलपुर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सभी आवश्यक सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर ही मिलेंगी, जिससे उनके समय, श्रम और धन की बचत होगी। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि सैनिक केवल सीमा के प्रहरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, अनुशासन और समर्पण के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय उन वीर जवानों के सम्मान का प्रतीक है, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र रक्षा को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान डीएम को मधुबनी पेंटिंग की चादर भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता कर रहे जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल संजय कुमार ने इसे गर्व का पल बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के लिए सहायता एवं मार्गदर्शन केंद्र के रूप में कार्य करेगा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करेगा। इस समारोह में बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे, जिनमें 182 भूतपूर्व सैनिक, 3 वीर नारियां और 15 विधवाएं शामिल थीं। उपस्थित पूर्व सैनिकों ने इसे जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कटिहार जिला प्रशासन, 35 बिहार बटालियन एनसीसी और लोकल आर्मी यूनिट का विशेष योगदान रहा।

## पुस्तकालय के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा



**बखरी/बेगूसराय।** क्षेत्र की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था श्री विश्वबंधु पुस्तकालय में पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पुस्तकालय के अध्यक्ष संतोष भारती गुड्डू की अध्यक्षता व सचिव अमित पोद्दार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत पूर्व अध्यक्ष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके किये गये कार्यों को याद किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि पुस्तकालय के शैक्षणिक संवर्धन में कृष्ण कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अपने जीवन का एक-एक पल उन्होंने संस्था के विकास कार्यों में खपाया। बौद्धिक संस्था श्री विश्वबंधु पुस्तकालय के संचालन में लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू कर उन्होंने इसे लोकतंत्र की पहली पाठशाला भी बनाने का काम किया। संरक्षण समिति के संयोजक प्रो.आनंदचंद्र झा ने अपने संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि पुस्तकालय में नींव के पत्थर थे कृष्ण कुमार। संस्था के आर्थिक स्वावलंबन के लिए किया गया उनका प्रयास सराहनीय रूप से याद किया जायेगा। पूर्व सचिव राजेश अग्रवाल के अनुसार, कृष्ण कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में विकास कार्यों की लंबी लकीर खींचने का काम किया। शोक सभा को पूर्व अध्यक्ष जयदेव सान्याल, पूर्व सचिव नीरज नवीन,पार्षद समीर श्रवण,उपाध्यक्ष पवन कुमार सुमन, डॉ रमण झा,प्रो.सुरेश सहनी, पंकज सिंह,सुमन जीत सिंह सुमन,पूर्व सरपंच बलराम स्वर्णकार,नीरज राय, राहुल केसरी,राजीव साह, राहुल सिंह,सूरज साह आदि ने भी संबोधित किया।मौके पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की।

### मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में तेघड़ा प्रखंड के 18 छात्र सफल



**तेघड़ा/बेगूसराय।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद बिहार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा-2026 में तेघड़ा प्रखंड के 18 छात्रों ने सफलता हासिल कर प्रखंड का नाम बढ़ाया है। सफल छात्रों में मध्य विद्यालय परबंदा के तीन छात्र आदित्य कुमार, आयुष कुमार एवं कोमल कुमारी, मध्य विद्यालय तेघड़ा बाजार के दो छात्र अंशु कुमार एवं आशुतोष कुमार, मध्य विद्यालय दुलारपुर के दो छात्र देव भारद्वाज एवं विक्की कुमार, मध्य विद्यालय आलापुर के दो छात्र रेशमी खातून एवं आदित्य कुमार, मध्य विद्यालय बरौनी की छात्रा सोनाक्षी कुमारी, मध्य विद्यालय दनियालपुर नं0 दो का छात्र संगम कुमार, मध्य विद्यालय पिढ़ौली की छात्रा आस्था कुमारी, कन्या मध्य विद्यालय बरौनी दो की छात्रा अमृता कुमारी, मध्य विद्यालय पैगंबरपुर आयोध्या की छात्रा आयुषी कुमारी, मध्य विद्यालय दीनदयालपुर की छात्रा रकीबा बानो, पीएम श्री राष्ट्रीय उच्च विद्यालय तेघड़ा का छात्र अंशु कुमार, मध्य विद्यालय हसनपुर का छात्र विकास कुमार एवं मध्य विद्यालय शोकहारा संस्कृत की छात्रा राजनंदनी कुमारी ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में मध्य विद्यालय परबंदा का छात्र आदित्य कुमार ने कुल 180 में से 145 अंक प्राप्त कर प्रखंड में पहला स्थान हासिल किया। वहीं दूसरे स्थान पर मध्य विद्यालय तेघड़ा बाजार का छात्र 144 अंक एवं तीसरे स्थान पर मध्य विद्यालय बरौनी की छात्रा सोनाक्षी कुमारी ने 142 अंक प्राप्त की है।छात्रों की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीत कुमार, मनोज कुमार सिंह, अखिलेश मिश्रा, मंजर शायान, कारी पासवान, शंभू प्रसाद सिंह, नवीन कुमार एवं संजय कुमार आदि ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर्णिम 12 साल पर विशेष पूजा-अर्चना और हवन

**अररिया।** देश के सबसे लंबे काल का प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी सरकार के स्वर्णिम बारह साल पूरे होने पर फारबिसगंज के अति प्राचीन बड़ा शिवालय मंदिर में बुधवार को भाजपा नगर कमिटी की ओर से विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रसाद मिंटू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने नरेंद्र मोदी के दीर्घकाल तक प्रधानमंत्री बने रहने और उनकी दीघार्यु को लेकर कामना की।

# नालंदा विवि ने मंगोलिया में किए दो अहम समझौते, शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग को मिलेगी नई गति

एजेंसी



**नालंदा/बिहारशरीफ।** राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय ने भारत और मंगोलिया के बीच शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में दो प्रमुख समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों से दोनों देशों के बीच ज्ञान, संस्कृति, बौद्ध अध्ययन और शोध के क्षेत्र में सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है। पहला समझौता ज्ञापन उलानबटार स्थित ऐतिहासिक गंदनतेगचिनलेन मठ (गंदन मठ) में नालंदा विश्वविद्यालय और गंदन मठ के बीच संपन्न हुआ। इस समझौते पर नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी तथा गंदनतेगचिनलेन मठ के प्रमुख और सर्वोच्च धर्माध्यक्ष गेशे ल्हारम्पा जावजंदोरज दुलमरागचा (खाम्बा नोमुन खान) ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोटसुरवे, अरखंगाई प्रांत के गवर्नर बी. त्सेरेननादमिद, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा भारत के विभिन्न बौद्ध मठों से आए भिक्षु उपस्थित रहे। यह साझेदारी भारत और मंगोलिया की साझा बौद्ध विरासत पर आधारित है। समझौते के तहत संयुक्त अनुसंधान, शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त प्रकाशन, सेमिनार और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दुर्लभ बौद्ध पांडुलिपियों के अध्ययन, संरक्षण और उनके वैश्विक प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे प्राचीन नालंदा की ज्ञान परंपरा को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उसी दिन उलानबटार स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया (एनयूएम) में नालंदा विश्वविद्यालय और एनयूएम के बीच दूसरा महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। इस समझौते पर नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी और नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ मंगोलिया की उपाध्यक्ष (अनुसंधान एवं सहयोग) प्रोफेसर बातारचुलून त्सेरमा ने हस्ताक्षर किए।

# पिपरा में 13.25 करोड़ की लागत से बन रहा नया प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, विधायक रामविलास कामत ने किया निरीक्षण

एजेंसी



**सुपौल।** जिले के पिपरा प्रखंड में निमार्णाधीन नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का स्थानीय विधायक सह सत्ता पक्ष के सचेतक रामविलास कामत ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तय समय सीमा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर अंचल अधिकारी उमा कुमारी, राजस्व अधिकारी सुभाषचंद्र चौधरी तथा निर्माण एजेंसी के जूनियर इंजीनियर मो. इरशाद मौजूद रहे। भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार की ओर से 13.25 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का जिम्मा एम/एस केडी कंपनी को सौंपा गया है। निर्माण कार्य की शुरूआत 15 अप्रैल 2026 से हुई है और इसे 12 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण के दौरान विधायक रामविलास कामत ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त

### नेपाल : 'फिर खुलेगी 2001 के शाही हत्याकांड की फाइल', दोबारा गृह मंत्री पदभार संभालते ही गुरुंग ने किया एलान

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के नए गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 2001 के शाही हत्याकांड से जुड़ी फाइल को फिर से खोलेंगे, जिसमें तत्कालीन राजा वीरेंद्र शाह के पूरे परिवार की हत्या कर दी गई थी। पदभार संभालने के बाद गुरुंग ने यह घोषणा की। एक जून 2001 को नेपाल के नारायणहिटी शाही महल में शुक्रवार के रात्रिभोज के दौरान राजा शाह के परिवार के सभी सदस्य मारे गए थे, जिनमें रानी ऐश्वर्या और युवराज दीपेन्द्र शामिल थे। एक आधिकारिक जांच आयोग की रिपोर्ट में कहा गया था कि उस समय के युवराज ही इस हत्याकांड के जिम्मेदार थे। रिपोर्ट के अनुसार, शराब के प्रभाव में दीपेन्द्र ने कथित रूप से अपने पिता, माता, भाई, बहन और अन्य परिवार के सदस्यों को गोली मार दी। बाद में खुद को भी मार लिया। कई लोगों ने उस समय इस रिपोर्ट को खारिज किया था। गुरुंग ने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद जांच फिर से शुरू करने की घोषणा की। वह पहले कैबिनेट से वित्तीय अनियमितताओं और अवैध संपत्ति के आरोपों के कारण इस्तीफा दे चुके थे। लेकिन सरकार की ओर से गठित जांच समिति ने उन्हें क्लीन चिट दे दी, जिससे उनकी फिर से नियुक्ति संभव हुई।

### पाकिस्तान के हवाई हमलों से अफगानिस्तान में 13 लोगों की मौत, 11 बच्चे भी शामिल

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर उसके क्षेत्र में हवाई हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इन हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच पहले से चल रहा तनाव और बढ़ गया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तानी हवाई हमले अफगानिस्तान के खोस्त, कुनार और पक्तिका प्रांतों में किए गए। उनके अनुसार हमलों में 11 बच्चों, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। तालिबान सरकार ने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे नागरिकों को निशाना बनाने वाली कार्रवाई बताया है। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इन हमलों को लेकर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले कई महीनों से सीमा पर तनाव बना हुआ है। फरवरी के अंत से दोनों देशों के बीच लगातार संघर्ष और जवाबी कार्रवाइयां हो रही हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल ऐसे आतंकवादी संगठन कर रहे हैं, जो पाकिस्तान के भीतर हमले करते हैं। विशेष रूप से पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर चिंता जताता है। पाकिस्तान का कहना है कि टीटीपी के लड़ाके अफगानिस्तान में शरण लेकर पाकिस्तान में आतंकी हमले करते हैं।

### भारतीय मूल के छात्रों का एआई में जलवा, व्हाइट हाउस में कई ने जीता राष्ट्रीय सम्मान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में आयोजित समारोह में पहले प्रेसिडेंशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैलेंज नेशनल चैंपियन अवॉर्ड्स प्रदान किए। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय मूल के कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हासिल किया। वर्जीनिया के एल्डी शहर की पांच सदस्यीय टीम, जिसमें आरना जायसवाल, ईशानी खत्री, रीवा मड्डा, साम्हिता पिन्नामारेड्डी और सनुली रत्नायके शामिल थीं, ने एलिमेंट्री स्कूल ट्रैक-2 श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। टीम ने स्कूलों में बदमाशी (बुलिंग) की घटनाओं को रोकने के लिए 'फ्रेंडजोन चैटबॉट बुलिंग प्रिवेंशन ऐप' विकसित किया। वहीं, वॉशिंगटन राज्य के सम्मामिश स्थित नॉर्थस्टार मिडिल स्कूल के छात्रों विहा अय्यर, आर्य प्रताप और श्रीमयी शेट्टी ने अपने प्रोजेक्ट 'स्किलअप' के लिए मिडिल स्कूल ट्रैक-1 श्रेणी में राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। हाई स्कूल वर्ग में पेनसिल्वेनिया के अपर डार्बी सीनियर हाई स्कूल के छात्र खंडाकर माहिन ने ट्रैक-1 श्रेणी में राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब जीता। उनका प्रोजेक्ट 'आपराधिक जांच में होटल के कमरों की पहचान के लिए कंप्यूटर विजन का उपयोग' विषय पर आधारित था। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने छात्रों की सराहना की और उन्हें अमेरिका का भविष्य बताया। उन्होंने कहा, 'व्हाइट हाउस में नवाचार से भरपूर इस प्रतिभाशाली समूह का स्वागत करना बेहद सुखद है। मुझे गर्व है कि आप अमेरिका की श्रेष्ठ प्रतिभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। आप ही हमारा भविष्य हैं।' प्रेसिडेंशियल एआई चैलेंज में अमेरिका के सभी 50 राज्यों, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया, प्यूर्टो रिको और विदेशों में स्थित रक्षा विभाग के स्कूलों से प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं।

# अमेरिका-ईरान के बीच टूटा युद्धविराम, यूएस ने तेहरान पर दागीं मिसाइलें; आईआरजीसी ने दी धमकी

**तेहरान , एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्धविराम टूट गया है। सैन्य हेलिकॉप्टर को निशाना बनाए जाने के बाद अमेरिका बुरी तरह से ईरान पर भड़क गया है और अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू कर दिए हैं। वहीं आईआरजीसी ने भी एक बयान जारी कर रहा है कि वे भी हमलों का मुंहतोड़ जवाब देंगे।



**रडार और एयर डिफेंस पर हमला :** अमेरिकी हमलों में मुख्य रूप से होर्मुज के आसपास मौजूद कई ईरानी एयर डिफेंस और रडार सिस्टम को निशाना बनाया गया है। ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया है कि केशम द्वीप पर छह बड़े धमाकों की भयंकर आवाजें सुनाई दी हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह भीषण अटैक ड्रोन से नहीं बल्कि लड़ाकू विमानों से किया गया है। बंदर अब्बास और सिरिक में भी भारी प्रोजेक्टाइल के टकराने की आधिकारिक पुष्टि की गई है। अमेरिकी हमलों के जवाब में अब ईरान ने भी अमेरिकी बेसों पर अपना सीधा हमला शुरू करने का बड़ा दावा किया है। ईरान की टॉप जॉइंट मिलिट्री कमांड खतम अल-अंबिया ने कहा कि दक्षिणी ईरान में अमेरिकी आक्रामकता का जवाब दिया गया है। उन्होंने इलाके में मौजूद कुछ अहम अमेरिकी ठिकानों को अपना निशाना बनाया है। मेहर न्यूज़ एजेंसी के अनुसार जास्क इलाके में भी लगातार बड़े धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं।

**पायलटों का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन :** राहत की बात यह है कि दुर्घटनाग्रस्त अपाचे हेलिकॉप्टर के दोनों पायलटों को अमेरिकी सेना ने सुरक्षित बचा लिया है। इन दोनों पायलटों का रेस्क्यू ड्रोन की मदद से बहुत ही सफलतापूर्वक किया गया था। लेकिन ट्रंप के अनुसार यह हमला जानबूझकर किया गया था और इसका बदला जरूर लिया जाएगा। अमेरिका ने कहा है कि उनका यह वर्तमान सैन्य मिशन अब पूरी तरह से सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिका को बहुत ही सख्त और सीधी चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि हमारी ताकतवर सेना किसी भी बाहरी हमले या खतरे का जवाब दिए बिना बिलकुल नहीं छोड़ेगी। अराघची ने कहा कि अगर आप सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमारे इलाके से तुरंत चले जाएं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का कहना है कि ये हमले ईरान को सिर्फ एक बड़ी चेतावनी देने के लिए हैं। जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान का हमला ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी सेना वाले सैन्य अड्डे पर हमला किया; हालांकि, अभी तक जॉर्डन और अमेरिका की ओर से इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की गई है।

**ईरान हमलों के खिलाफ कुवैत की जवाबी कार्रवाई :** ईरान के इस एलान के बाद कि उसने अमेरिकी हवाई हमलों का बदला लेने के लिए पश्चिम एशिया के इस देश को निशाना बनाया है, कुवैत का कहना है कि उसकी एयर डिफेंस सिस्टम जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। अमेरिका ने ईरान पर दागीं मिसाइलें, आईआरजीसी ने जवाबी हमले की धमकी दी ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि अमेरिका के हमलों के जवाब में अमेरिकी सेना की बहरीन में मौजूद पांचवीं फ्लीट पर ड्रोन हमला किया गया है। आईआरजीसी ने ये भी कहा कि अगर अमेरिका के हमले जारी रहे तो वे भी हमलों का मुंहतोड़ जवाब देंगे। वहीं अमेरिका ने हमले रोकने के संकेत दिए हैं और कहा है कि ईरान पर हमले आत्मरक्षा में किए गए और अब हमले पूरे हो गए हैं।

**ईरान युद्ध के चलते वैश्विक स्तर पर बढ़ी महंगाई :** 28 फरवरी से अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। इसके चलते ऊर्जा कीमतों में तेजी आई है और खाद्य पदार्थों समेत कई आवश्यक वस्तुएं महंगी हुई हैं। हालांकि अप्रैल में युद्धविराम की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक स्थायी शांति समझौता नहीं हो सका है। इस बीच, इस्राइल ने लेबनान में ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है, जिससे क्षेत्रीय तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

**टूटने के कगार पर पहुंचा ईरान-अमेरिका युद्धविराम :** यह घटना ऐसे समय हुई है जब दो महीने पुराने संघर्षविराम पर पहले से ही संकट के बादल मंडरा रहे हैं। एक दिन पहले ही ईरान और इस्राइल के बीच संघर्षविराम लागू होने के बाद पहली बार दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए थे। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, इस्राइली हमलों में ईरान की वायु रक्षा इकाइयों के कम से कम दो सदस्य मारे गए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, उनका अपाचे हेलिकॉप्टर ओमान के तट के निकट उस समय गिर गया, जब वह एक ईरानी ड्रोन से टकरा गया। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह टक्कर जानबूझकर कराई गई थी।

## नॉर्डिक-बाल्टिक सम्मेलन

# एस्टोनिया पहुंचे वोलोदिमिर जेलेंस्की, रूस पर दबाव बढ़ाने समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**ताल्लिन, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की मंगलवार को एस्टोनिया पहुंचे। वह यहां नॉर्डिक और बाल्टिक देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और एस्टोनियाई समकक्ष अलार कारिस से मुलाकात करेंगे। एस्टोनिया के सरकारी प्रसारक ईआरआर ने यह जानकारी दी।

एस्टोनिया की राजधानी ताल्लिन में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस समय एस्टोनिया एनबी8 समूह की अध्यक्षता कर रहा है। एनबी8 में पांच नॉर्डिक और तीन बाल्टिक देश शामिल हैं। सम्मेलन में इन देशों के प्रधानमंत्रियों के साथ जेलेंस्की भी शामिल हुए हैं।

जेलेंस्की के साथ उनकी पत्नी ओलेना जेलेंस्का भी एस्टोनिया पहुंची हैं। एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय ने स्वागत करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट की। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब यूक्रेनी ड्रोन हमलों को लेकर इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। पिछले कुछ महीनों में कई यूक्रेनी ड्रोन गलती से इस क्षेत्र में पहुंचे हैं। वहीं, यूक्रेन ने बाल्टिक सागर के उन बंदरगाहों पर हमले तेज कर दिए हैं, जहां से रूस तेल का निर्यात करता है। यूक्रेन चाहता है कि इन हमलों से रूस को आर्थिक नुकसान हो और उस पर युद्ध खत्म करने का दबाव बढ़े। रूसी हमलों में तीन लोगों की मौत दूसरी ओर, रूस ने भी यूक्रेन पर हमले जारी रखे हैं। पूर्वोत्तरी खारकीव क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान हुए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन बच्चों समेत 25 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने यह जानकारी दी। निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में भी रात के समय कई जिलों पर हमले हुए, जिनमें तीन लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन प्रमुख ओलेक्सांद्र हांझा ने इसकी पुष्टि की। रातभर मार गिराए 146 रूसी ड्रोनः यूक्रेनी वायुसेना यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने रातभर में यूक्रेन पर 166 लंबी दूरी के ड्रोन और दो निर्देशित मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने इनमें से 146 ड्रोन मार गिराए।

**रूक्ष के रक्षा मंत्रालय ने क्या कहा :** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रातभर में 140 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। बेलगोरोद क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन के एक अपार्टमेंट इमारत से टकराने के कारण एक महिला की मौत हो गई। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा भी ताल्लिन पहुंचे। वहां उन्होंने एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गुस साहकना से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन की सुरक्षा, रूस पर दबाव बढ़ाने और यूरोपीय संघ में यूक्रेन की सदस्यता की कोशिशों पर चर्चा की। साहकना ने एक्स पर लिखा कि एस्टोनिया यूक्रेन के साथ तब तक खड़ा रहेगा, जब तक जरूरत होगी।

# शी जिनपिंग का उत्तर कोरिया दौरा: सहमति का दावा बड़ा, पर हाथ रहा खाली; नहीं हुआ कोई ठोस समझौता

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया की दो दिनी यात्रा पूरी करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन के साथ महत्वपूर्ण सहमति पर पहुंचने के दावा किया। हालांकि, दोनों रणनीतिक सहयोगियों के बीच किसी ठोस समझौते की कोई घोषणा नहीं हुई।

उत्तर कोरिया की यात्रा के पहले दिन सोमवार को जिनपिंग ने किम को चीन के अटूट समर्थन का आश्वासन दिया था। यह सात साल बाद जिनपिंग की उत्तर कोरिया की यात्रा थी। दोनों रणनीतिक सहयोगियों के बीच किसी ठोस समझौते की कोई घोषणा नहीं हुई और चीनी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण पर किसी भी वार्ता से संबंधित सवालों का जवाब देने से इन्कार कर दिया। उत्तर कोरिया, जिसने 2006 से कई परमाणु परीक्षण किए हैं, सार्वजनिक रूप से खुद को परमाणु-आयुध से लैस देश बताता है, लेकिन बीजिंग कोरियाई प्रायद्वीप पर परमाणु हथियारों के विरोध में है और परमाणु निरस्त्रीकरण का समर्थन करता है।

**बीजिंग के रुख में बदलाव नहीं :** उत्तर कोरिया की जिनपिंग की यात्रा के परिणामों पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने संकेत दिया कि कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण पर बीजिंग के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। परमाणु निरस्त्रीकरण से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, चीन कोरियाई प्रायद्वीप के मुद्दे पर अपनी स्थिति और नीति में निरंतरता और स्थिरता बनाए हुए है।

चीनी प्रवक्ता ने कहा, चीन कूटनीति, कानून प्रवर्तन, सैन्य और अन्य क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के साथ आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए तैयार है, ताकि हमारे द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए ज्ञान और शक्ति का साझा उपयोग किया जा सके। उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार कार्यक्रम पर जिनपिंग और किम के बीच हुई किसी भी चर्चा का सरकारी मीडिया ने स्पष्ट रूप से कोई उल्लेख नहीं किया है।

# बदल जाएगी भाजपा, मोदी सरकार को मिलेंगे नए चेहरे

## नितिन नवीन की नई टीम का काउंटडाउन शुरू!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के संगठनात्मक ढांचे में जल्द ही बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। पार्टी के शीर्ष निकाय यानी संसदीय बोर्ड सहित कई अहम संगठनात्मक टीमों में बदलाव की पूरी तैयारी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, 15 जून के बाद नए पदाधिकारियों की टीम की घोषणा की जा सकती है। पार्टी की यह परंपरा रही है कि नए अध्यक्ष के चुने जाने के बाद संगठन में बदलाव किए जाते हैं। इसी कड़ी में, जनवरी में नितिन नवीन के बीजेपी अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद से ही नई टीम को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। बुधवार को एनडीए की होने वाली एक बड़ी बैठक के बीच पार्टी के एक सूत्र ने बताया कि लगभग एक हफ्ते के भीतर नए पदाधिकारियों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा।

**युवा और अनुभव का दिखेगा संगम, इन वर्गों पर होगा फोकस :** 45 वर्षीय नितिन नवीन बीजेपी के सबसे युवा अध्यक्ष हैं। ऐसे में पार्टी आलाकमान संगठन को अधिक युवा और सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाला बनाने पर जोर दे रहा है। माना जा रहा है कि पदाधिकारियों की नई टीम में 'युवा और अनुभव' का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।

आगामी राजनीतिक रणनीतियों को ध्यान में रखते हुए इस नई टीम में ओबीसी और दलितों जैसे प्रमुख वर्गों पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है।



**राज्यों का दौरा कर फीडबैक ले रहे अध्यक्ष :** पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन इन दिनों लगातार कई राज्यों का सघन दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे राज्य की पार्टी इकाइयों से जमीनी फीडबैक जुटाने के साथ-साथ अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर रहे हैं। माना जा रहा है कि उनके इन दौरों से मिलने वाला फीडबैक संगठन में होने वाले समग्र बदलावों के लिए बीजेपी आलाकमान के फैसलों में अहम भूमिका निभाएगा।

**मोदी कैबिनेट में भी फेरबदल की सुगबुगाहट :** पार्टी संगठन में होने वाले इन बदलावों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्रिपरिषद में भी फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है। गौरतलब है कि पीएम मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे करने जा रहे हैं, जिसे देखते हुए कैबिनेट विस्तार की अटकलें लगाई जा रही हैं। सरकार और संगठन में बदलाव की इन सुगबुगाहटों को हाल के कुछ फैसलों से भी बल मिला है। दो केंद्रीय मंत्रियों- पंकज चौधरी और हर्ष मल्होत्रा को क्रमशः उत्तर प्रदेश और दिल्ली में पार्टी की राज्य इकाइयों का प्रमुख बनाकर भेजा गया है। वहीं, जॉर्ज कुरियन और रवनीत सिंह बिट्टू जैसे नेताओं को पार्टी ने राज्यसभा के लिए दोबारा नामित नहीं किया है। इन हालिया घटनाक्रमों के बाद से राजनीतिक गलियारों में यह माना जा रहा है कि जल्द ही सरकार और संगठन, दोनों स्तरों पर बड़ी तब्दीलियां देखने को मिल सकती हैं।

**कई चौंकाने वाले नामों को मिल सकती है जगह :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई कोर टीम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कैबिनेट विस्तार में कई चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। 15 जून को 'अधिकमास' (मलमास) खत्म होने के बाद जून के अंत तक नए पदाधिकारियों की आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है।

# टीएमसी का कांग्रेस में होगा विलय? 5 साल बाद 10-जनपथ पहुंची ममता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी दिल्ली दौरे पर हैं। बंगाल में मिली चुनावी हार के बाद यह उनका पहला दिल्ली दौरा माना जा रहा है। दौरे के तीसरे दिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। पिछले दो दिनों में दोनों नेताओं की यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले सोमवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में भी दोनों आमने-सामने आई थीं, जहां ममता बनर्जी ने सोनिया गांधी को गले लगाया था। सोनिया गांधी से यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब ममता बनर्जी एक बड़े राजनीतिक संकट से जूझ रही हैं। पार्टी में विधायकों के बाद अब सांसदों की नाराजगी भी सामने आ गई है। बताया जा रहा है कि टीएमसी के 20 सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। ममता बनर्जी शनिवार को दिल्ली पहुंची थीं। यहां सबसे पहले उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। मंगलवार को वह करीब पांच साल बाद सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पहुंचीं। दोनों नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई।



सोनिया गांधी और ममता बनर्जी की मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच किसी बड़े राजनीतिक समझौते या विलय की संभावना बन सकती है। हालांकि, इस संबंध में दोनों दलों के नेताओं ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिलचस्प बात यह है कि इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी संगठन से जुड़ी बैठकों के लिए पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में मौजूद थे। ऐसे में उनकी गैरमौजूदगी को देखते हुए राजनीतिक जानकार विलय की अटकलों को ज्यादा महत्व नहीं दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक के दौरान सोनिया गांधी और ममता बनर्जी के बीच गर्मजोशी देखने को मिली थी। दोनों नेता एक-दूसरे के बगल में बैठे थे। बैठक में ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए और भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए विपक्षी एकजुटता पर जोर दिया।

**बंगाल में आमने-सामने थीं दोनों पार्टियां :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने टीएमसी और ममता बनर्जी पर खुलकर निशाना साधा था। हालांकि चुनाव परिणाम आने के बाद दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच नजदीकियां बढ़ती दिखाई दे रही हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस, ममता बनर्जी के लिए किसी राजनीतिक सहारे की भूमिका निभाती है या नहीं।

## मां वैष्णो देवी के भक्तों को रेल मंत्री की सौगात

# श्रद्धालुओं के लिए कटरा-हरिद्वार के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल मंत्री ने कटरा और हरिद्वार के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रख कर लिया गया है। श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत की घोषणा करते हुए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। जितेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवती अमावस्या के अवसर पर जम्मू और हरिद्वार के बीच विशेष ट्रेन चलाने की मांग को रेल मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है।

**पत्र लिखकर विशेष ट्रेन चलाने के लिए किया था अनुरोध :** जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि जम्मू और हरिद्वार के बीच विशेष ट्रेन चलाने की लंबे समय से की जा रही मांग को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों से क्षेत्र की लगभग हर महत्वपूर्ण मांग को पूरा किया गया है। उन्होंने आगे लिखा कि कठुआ, हीरानगर और जम्मू के लोगों के लिए यह एक अच्छी खबर है। अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे बड़ी संख्या में तीर्थयात्री हरिद्वार पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले सकेंगे। दरअसल जितेंद्र सिंह ने 3 जून 2026 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखकर विशेष ट्रेन चलाने की मांग की थी। उन्होंने अपने पत्र की प्रति को सार्वजनिक कर बताया था कि जम्मू-कश्मीर में स्वच्छ भारत अभियान से जुड़े राज्य कार्यकारी सदस्य प्रेम नाथ डोगरा ने इस संबंध में अनुरोध भेजा था। पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया था कि 14 जून को जम्मू से हरिद्वार और 15 जून को हरिद्वार से जम्मू के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाए, ताकि सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार जाने वाले स्थानीय श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा का अनुभव हो। केंद्रीय मंत्री ने रेल मंत्री से इस मांग पर सकारात्मक विचार करने का आग्रह किया था। रेलवे प्रवक्ता के मुताबिक स्पेशल ट्रेन पूरी तरह आरक्षित होगी और इसका केवल एक फेरा ही निर्धारित किया गया है। ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे- जिनमें स्लीपर, जनरल, एसी थ्री-टियर और एसी टू-टियर श्रेणी के डिब्बे शामिल है। इस स्पेशल ट्रेन की स्टॉपेज होंगी- शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर और रुड़की। बता दें कि हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या पर तीर्थयात्रा का विशेष महत्व है। 15 जून 2026 को सोमवती अमावस्या का व्रत रखा जाएगा और स्नान-दान किया जाएगा। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए हरिद्वार जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों पर पहुंचकर दर्शन और पूजा अर्चना करते हैं।

# पीओके में प्रोटेस्ट की सजा मौत, चार नेताओं के सिर पर 1 करोड़ का इनाम

**मुजफ्फराबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी द्वारा बुलाए गए विरोध प्रदर्शनों और हड़ताल के बाद सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच भीषण हिंसक झड़पें हुई हैं। इन झड़पों में एक डॉक्टर और एक महिला समेत कई लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हुए हैं। हालात बेकाबू होने के बाद पीओके प्रशासन ने इंटरनेट सेवाएं ठप कर दी हैं। प्रदर्शनों को कुचलने के लिए प्रशासन ने 'जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी' के 4 नेताओं की गिरफ्तारी पर एक करोड़ पाकिस्तानी रुपये का इनाम घोषित किया है। यह वही संगठन है जिसे पिछले हफ्ते बैन किया गया है और जो इस पूरे इलाके में हो रहे प्रदर्शनों के केंद्र में है। पाकिस्तान द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई क्रूर कार्रवाई में अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

**हिंसक झड़प में कई लोगों की मौत :** मीरपुर विजन (मीरपुर, भिंबर और कोटली जिले) से प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद की ओर अपना मार्च शुरू किया, जिसके बाद कई जगहों पर पुलिस से उनकी सीधी भिड़ंत हुई। सबसे हिंसक झड़पें कोटली शहर में हुईं। स्थानीय निवासियों और पीओके कैबिनेट के सदस्यों के मुताबिक, इन झड़पों में एक डॉक्टर और एक महिला सहित कई लोगों की जान गई है और दर्जनों लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि एक डॉक्टर अपने घर की छत पर थे, तभी उन्हें गोली लग गई। मीरपुर के बाहरी इलाके में भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।



**नेताओं पर देशद्रोह का केस और 1 करोड़ का इनाम :** पीओके के गृह विभाग ने जेएएसी नेता शौकत नवाज मीर (मुजफ्फराबाद) और मेहरान अरशद ख्वाजा (मीरपुर) के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने के आदेश दिए हैं। इन पर अपने भाषणों, वीडियो और ऑडियो के जरिए देशद्रोह फैलाने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा, प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे चार प्रमुख नेताओं - शौकत नवाज मीर, उमर नजीर कश्मीरी, ख्वाजा मेहरान अरशद और सरदार अमान खान की गिरफ्तारी के लिए 'हेड मनी' के तौर पर 1-1 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। विरोध को दबाने के लिए पूरे पीओके में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं बंद कर दी गई हैं, जिससे वहां से सही जानकारी बाहर नहीं आ पा रही है। सभी शहरों और कस्बों में पूर्ण हड़ताल है। बैंक, मेडिकल स्टोर और परिवहन पूरी तरह से ठप हैं। मुजफ्फराबाद में दंगा रोधी पुलिस ने सरकारी इमारतों और मुख्य सड़कों पर मोर्चा संभाल लिया है। इस बीच, वकीलों ने भी छ्वष्ट के कोर मेंबर और वरिष्ठ वकील अमजद अली खान की गिरफ्तारी के विरोध में न्यायिक कामकाज का पूरी तरह से बहिष्कार कर दिया है।

फीफा वर्ल्ड कप

# अर्जेंटीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

● चोट से उबरने के बाद मेसी का शानदार प्रदर्शन

**अलबामा ।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से पहले आखिरी वॉर्म-अप मुकाबले में अर्जेंटीना ने आइसलैंड के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। चोट से उबरने के बाद मैदान पर लौटे लियोनेल मेसी भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने एक गोल किया। एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलते हुए आइसलैंड ने मैच की शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया और कुछ मौके भी बनाए। मिकेल एलर्टसन के पास गोल करने का अच्छा अवसर था, लेकिन वह हाथ आए इस मौके को भुनाने में नाकाम रहे।



यह मौका बाद में मैच का अहम मोड़ साबित हुआ। इसके बाद अर्जेंटीना ने खेल पर पकड़ बनाई। आठवें मिनट में वैलेंटिन बार्को ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर पहला गोल किया और टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। पहले हाफ में अर्जेंटीना ने लगातार आइसलैंड की डिफेंस पर दबाव बनाया, लेकिन और गोल नहीं कर सका। हाफ टाइम तक स्कोर 1-0 रहा। दूसरे हाफ में अर्जेंटीना के कोच ने कई बड़े बदलाव किए। एलेक्सिस मैक एलिस्टर, एंजो फर्नांडीज और लुटारो मार्टिनेज को सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतारा गया। इन खिलाड़ियों के आने से टीम का आक्रमण और मजबूत हो गया।

## राइट-बैक की पोजीशन पर खेलने को तैयार इबानेज

● बोले- देश का प्रतिनिधित्व करना बड़ी बात

**नई दिल्ली ।** ब्राजील फुटबॉल टीम के डिफेंडर रोजर इबानेज ने कहा है कि अगर टीम प्रबंधन उन्हें मौका देता है तो वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में राइट-बैक की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आमतौर पर सेंटर-बैक के रूप में खेलने वाले इबानेज का कहना है कि टीम की जरूरत के हिसाब से वह किसी भी पोजीशन पर खेलने के लिए



तैयार हैं। ब्राजील की टीम को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। युवा खिलाड़ी वेस्ली फ्रैंका चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसके बाद टीम में राइट-बैक की जगह को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अनुभवी खिलाड़ी डैनिलो इस भूमिका के लिए सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि, इबानेज भी इस पोजीशन पर खेल सकते हैं और उन्हें एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। जब इबानेज से पूछा गया कि वेस्ली की जगह कौन लेगा, तो उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मेरी पोजीशन तय करना कोच का काम है। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि जहां भी टीम को मेरी जरूरत होगी, मैं वहां खेलने के लिए तैयार हूं। देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ी बात है।'

# हैरी ब्रूक बने दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज, जो रूट तीसरे स्थान पर

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टेस्ट रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने ही देश के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। ब्रूक वर्ष 2024 के बाद पहली बार टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे हैं। वहीं, जो रूट दो स्थान नीचे खिसक कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में ब्रूक ने 56 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दूसरी ओर जो रूट दोनों पारियों में केवल 1 और 8 रन बना सके थे। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल को भी शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाने के बाद गिल दो स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। गिल ने उस मुकाबले में 126 रन बनाए थे और भारत ने पारी और 300 रनों से अपनी सबसे बड़ी टेस्ट जीत दर्ज की थी।

गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन ने बड़ी छलांग लगाई है। लॉर्ड्स टेस्ट में सात विकेट लेने के बाद वह सात स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष-10 में शामिल हो गए हैं। एटकिंसन ने दूसरी पारी में पांच विकेट भी लिए थे। हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भी एटकिंसन को फायदा मिला और वह आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गए। एकदिवसीय रैंकिंग में पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने शानदार उछाल दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में छह विकेट लेने वाले अबरार अहमद दो स्थान ऊपर चढ़कर गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, शाहीन शाह अफरीदी ने तीन मैचों में सात विकेट लेकर चार स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष-10 में जगह बना ली।

## विमेंस टी20 वर्ल्ड इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कई टीमों ने अपने दमदार प्रदर्शन से एकतरफा जीत दर्ज करते हुए रिकॉर्ड बुक में जगह बनाई है। आइए, टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से 5 सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाली टीमों के बारे में जानते हैं।

- **114 रन:** विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर है, जिसने 21 फरवरी 2023 को पाकिस्तान के विरुद्ध केपटाउन में 114 रन से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 5 विकेट खोकर 213 रन बनाए, जिसके जवाब में पाकिस्तान निर्धारित ओवरों में 99/9 का स्कोर ही बना सका।
- **113 रन:** साउथ अफ्रीका ने 28 फरवरी 2020 को कैनबरा में खेले गए मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 113 रन के अंतर से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने सलामी बल्लेबाज लिजेली ली (101) के शतक के दम पर 195/3 का स्कोर खड़ा किया, जिसके बाद थाईलैंड को 19.1 ओवरों में महज 82 रन पर समेट दिया।
- **102 रन:** इस लिस्ट में न्यूजीलैंड तीसरे पायदान पर है, जिसने 19 फरवरी 2023 को पार्ल में श्रीलंका के विरुद्ध 102 रन से जीत हासिल की थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सूजी बेट्स (56) और अमेलिया केर (66) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 162/3 का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 15.5 ओवरों में महज 60 रन पर सिमट गई।
- **98 रन:** इंग्लैंड ने 26 फरवरी 2020 को थाईलैंड के खिलाफ 98 रन से जीत हासिल की थी। कैनबरा में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने नैट साइवर-ब्रंट (नाबाद 59) और कप्तान हीथर नाइट (नाबाद 108) के बीच अटूट 169 रन की साझेदारी के साथ 176/2 का स्कोर बनाया। इसके जवाब में थाईलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 78 रन ही बना सकी।

महिला टी20 विश्व कप

# अपनी टीम के लिए ये 5 गेंदबाज कर सकती हैं दमदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप के 10वें संस्करण का आगाज 12 जून से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाना है। आइए आपको उन पांच गेंदबाजों के नाम बताते हैं, जो इस मेगा इवेंट में अपनी टीम के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं।

- **एनाबेल सदरलैंड:** भले ही सदरलैंड को ऑस्ट्रेलिया की ओर से ज्यादा कामयाबी टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में मिली हो, लेकिन वह क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भी कारगर साबित हुई है। सदरलैंड का प्रदर्शन पिछले टी20 विश्व कप में कमाल का रहा था। उन्होंने टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए थे और वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही थीं। 26 वर्षीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेले 85 टी20 मुकाबलों में 53 विकेट निकाल चुकी हैं, जबकि वह बल्ले से भी अहम योगदान दे सकती हैं।
- **चार्ली डीन:** इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाज चार्ली डीन अपनी घूमती गेंदों से बल्लेबाजों को खासा तंग कर सकती हैं। डीन इंग्लैंड की ओर से खेले 51 टी20 मुकाबलों में 67 विकेट निकाल चुकी हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी 6.90 का रहा है। विकेट निकालने के साथ-साथ डीन रनों पर अंकुश लगाने के लिए भी जानी जाती हैं। यही वजह है कि इस विश्व कप में उनका प्रदर्शन इंग्लैंड के लिए काफी मायने रखेगा।
- **दीप्ति शर्मा** भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा बड़े मुकाबलों की खिलाड़ी हैं और अहम मैचों में वह दमदार प्रदर्शन करने की काबिलियत रखती हैं। 144 टी20 मुकाबलों के अपने करियर में वह 64 विकेट निकाल चुकी हैं। दीप्ति बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने का हुनर बखूबी जानती हैं। दीप्ति अपनी गेंदबाजी से किसी भी मैच का रुख पलटने का दमखम रखती हैं। वह बल्ले से भी अहम योगदान दे सकती हैं।



- **अमेलिया केर:** न्यूजीलैंड टीम की कप्तान अमेलिया केर के प्रदर्शन पर इस टी20 विश्व कप में हर किसी की निगाहें रहने वाली हैं। अमेलिया के लिए यह साल गेंद और बल्ले दोनों से शानदार गुजरा है। वह 11 मुकाबलों में 6.02 की इकोनॉमी से 11 विकेट निकाल चुकी हैं। अपनी घूमती गेंदों के दम पर वह कीवी टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ट्रंप कार्ड साबित हो सकती हैं।
- **शबनम इस्माइल:** रिटायरमेंट से वापस लौटने वालीं शबनम इस्माइल टी20 विश्व कप 2026 में साउथ अफ्रीका के लिए वरदान साबित हो सकती हैं। इस्माइल अपनी रफ्तार के दम पर बल्लेबाजों को शुरुआती ओवरों में खासा तंग करने के लिए जानी जाती हैं। इस्माइल को इंग्लैंड की परिस्थितियां खूब रास आएंगी।

# वनडे विश्व कप की तरह टी20 विश्व कप भी जीते भारतीय टीम : वस्त्रकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सबसे अनुभवी ऑल-राउंडर में से एक, पूजा वस्त्रकार का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में विराट कोहली के साथ अचानक मुलाकात के दौरान वह नर्वस हो गई थीं और इस वजह से वह उनसे बात नहीं कर पाईं। विमेंस प्रीमियर लीग में आरसीबी की तरफ से खेलने वाली और मौजूदा समय में मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग टी20 (एमपीएल टी20) में चंबल घड़ियाल की कप्तानी कर रही पूजा वस्त्रकार ने मीडिया के साथ खास बातचीत में बताया, 'मैं विराट से दक्षिण अफ्रीका में मिली थी, लेकिन मैंने उनसे बात नहीं की। हम एयरपोर्ट पर थे। मुझे लगा कि वह व्यस्त हैं। शायद मैं नर्वस थी, इसलिए मैंने उनसे बात नहीं की। अगर आप एनसीए (बीसीसीआई सीओई) जाते हैं, तो आप वहां सभी खिलाड़ियों से मिलते हैं। वहां कोच होते हैं। हमारी टीम में बहुत सारे सीनियर खिलाड़ी हैं। वे छोटी-छोटी चीजों में हमारी मदद करते हैं। इसलिए, मैंने उनसे उस लेवल पर बात नहीं की।' एमपीएल टी20 के बारे में पूजा ने कहा, 'लड़कियों के लिए यह प्लेटफॉर्म बहुत बड़ा है। जब उन्हें प्लेटफॉर्म मिलता है, तो उन्हें अपनी स्किल्स दिखाने का मौका मिलता है। जब इस तरह का कोई टूर्नामेंट होता है, तो सभी स्काउट मेंबर्स शामिल होते हैं, और उनकी नजर खिलाड़ियों पर होती है। मुझे लगता है कि उन्हें भी पता है कि यह खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा प्लेटफॉर्म है और वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। 'भविष्य के संभावित खिलाड़ी अन्य खिलाड़ियों से कैसे अलग होते हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अनुशासन बहुत जरूरी है। बहुत से लोग कड़ी मेहनत करते हैं, बहुत से लोगों में प्रतिभा होती है।



# आईटीएफ रैंकिंग : अंडर-13 टेनिस में वर्ल्ड नंबर 1 बनीं सृष्टि किरण



**बेंगलुरु(एजेंसी)।** इंटरनेशनल जूनियर टेनिस सर्किट में अपनी चमक बिखेरते हुए बेंगलुरु की 13 वर्षीय सृष्टि किरण अंडर-13 आयु वर्ग की रैंकिंग में 'वर्ल्ड नंबर 1' बन गई हैं। यह उपलब्धि उनके शानदार प्रदर्शन का नतीजा है, जिसमें सृष्टि ने लगातार पांच आईटीएफ जूनियर खिताब जीते और पिछले हफ्ते आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे100 ग्वाटेमाला में रनर-अप रहीं। सृष्टि किरण के बेहतरीन प्रदर्शन और सफलता ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ आईटीएफ जूनियर रैंकिंग (नंबर 357) तक पहुंचाया, जिससे वह अंडर-13 कैटेगरी में दुनिया की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ी बन गईं। सृष्टि ने यह मुकाम सिर्फ आठ रैंकिंग इवेंट्स में हिस्सा लेकर हासिल किया, जबकि रैंकिंग की गणना ज्यादा से ज्यादा 10 टूर्नामेंट्स के आधार पर की जाती है। वह आर्थिक और लॉजिस्टिकल दिक्कतों की वजह से 2 इवेंट्स में हिस्सा नहीं ले सकी थीं। अपने कई करीबी प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में 2 कम टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने के बावजूद, युवा भारतीय खिलाड़ी अंडर-13 आयु वर्ग में 'वर्ल्ड नंबर 1' बनीं।

सृष्टि का अंतरराष्ट्रीय सफर यूरोप में जारी रहेगा। अगर उन्हें मेन ड्रॉ में एंट्री मिलती है, तो उनके यूनाइटेड किंगडम में जे300 इवेंट में खेलने की उम्मीद है। इसे सर्किट के प्रमुख जूनियर टूर्नामेंट्स में से एक और प्रतिष्ठित विंबलडन जूनियर चैंपियनशिप से पहले का एक अहम इवेंट माना जाता है। सृष्टि अभी ग्रास-कोर्ट सीजन की तैयारी कर रही हैं।

इस उपलब्धि पर सृष्टि ने कहा, 'मैं अपने आयु वर्ग में वर्ल्ड नंबर 1 बनकर बहुत खुश हूं। साल की शुरुआत में मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था, लेकिन मेरे कोच, परिवार और सपोर्ट टीम के साथ की गई कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। पिछले कुछ हफ्ते बहुत खास रहे हैं। लगातार पांच खिताब जीतना और फिर एक और फाइनल में पहुंचना, इससे मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है।

# लॉर्ड्स और गद्दाफी स्टेडियम की पिचों से नाखुश आईसीसी, डिमेरिट प्वाइंट दिए



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने लंदन के लॉर्ड्स और लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम को एक-एक डिमेरिट प्वाइंट दिया है। यह कार्रवाई मैच रेफरी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। ये रिपोर्ट लॉर्ड्स में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल के पहले टेस्ट और लाहौर में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे वनडे के बाद सौंपी गई थीं। दोनों वेन्यू को एक-एक डिमेरिट प्वाइंट मिला है। आईसीसी ने पुष्टि की है कि इन दोनों मैदानों पर पहले कोई डिमेरिट प्वाइंट नहीं था। संबंधित रिपोर्ट इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को भेज दी गई हैं। अब उनके पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 14 दिन का समय है। आईसीसी ने हाल ही में इंटरनेशनल मुकाबलों में इस्तेमाल की गई पिचों को पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रोसेस के तहत 'असंतोषजनक' माना था। लॉर्ड्स में चिंता का मुख्य कारण टेस्ट मैच के दौरान गेंदबाजों को मिली बहुत ज्यादा मदद थी, जहां तीसरे दिन बारिश की वजह से रुकावट के बावजूद मैच चार दिन के अंदर ही खत्म हो गया। मैच के शुरुआती दो दिनों में ही कुल 33 विकेट गिर गए थे।

मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने पूरे मैच के दौरान बल्ले और गेंद के बीच असंतुलन की ओर इशारा करते हुए कहा, 'पूरे टेस्ट के दौरान गेंद की सीम मूवमेंट बहुत ज्यादा थी और कई बार गेंद बहुत नीचे भी रही। पूरे मैच में बाउंस एक जैसा नहीं था, क्योंकि पहले दिन 16 और दूसरे दिन 17 विकेट गिरे। पिच की वजह से बल्ले के मुकाबले गेंद का पलड़ा बहुत भारी रहा।' दूसरी तरफ, लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम की पिच की जांच बिल्कुल अलग कारणों से की गई। जहां लॉर्ड्स की आलोचना सीम गेंदबाजों को बहुत ज्यादा मदद देने के लिए हुई, वहीं लाहौर की पिच को वनडे मैच के लिए बहुत धीमा और रन बनाने के लिए मुश्किल माना गया। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा वनडे लो-स्कोरिंग रहा। दोनों टीमों के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए, क्योंकि पिच शुरुआती दौर से ही स्पिनर्स को मदद कर रही थी। मैच रेफरी ग्रीम ला ब्रूय ने अपनी रिपोर्ट में इन चिंताओं का जिक्र करते हुए कहा, 'पिच धीमी और नीची थी, जिससे रन बनाना बहुत मुश्किल हो गया। यह वनडे इंटरनेशनल मैच के लिए सही नहीं थी, क्योंकि बल्लेबाजों को जमने में ज्यादा समय लग रहा था। मैच की शुरुआत से ही स्पिन गेंदबाजों को मदद मिली और पूरे मैच के दौरान यही स्थिति बनी रही। उल्लेखनीय है कि आईसीसी की पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रोसेस के तहत, खराब क्वालिटी वाली पिच या आउटफील्ड के लिए वेन्यू को डिमेरिट प्वाइंट मिलते हैं। जिन मैदानों को पांच साल की अवधि में कई डिमेरिट प्वाइंट मिलते हैं, उन पर बैन लग सकता है। इस बैन में इंटरनेशनल क्रिकेट की मेजबानी करने से रोकना भी शामिल है। हालांकि लॉर्ड्स या गद्दाफी स्टेडियम पर अभी कोई तुरंत खतरा नहीं है, लेकिन ये नई रेटिंग्स खेल के दो सबसे अहम वेन्यू के लिए चेतावनी की तरह हैं, क्योंकि वे भविष्य के इंटरनेशनल मैचों में और पेनाल्टी से बचना चाहेंगे।

# बिना गारंटी के मिलेगा 20 लाख का एजुकेशन लोन!




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार बिना किसी गारंटी के मिलने वाले एजुकेशन लोन की मौजूदा 7.5 लाख रुपये की लिमिट को बढ़ाने की तैयारी कर रही है। वित्त और शिक्षा मंत्रालयों के बीच इसे लेकर चर्चा चल रही है। मौजूदा नियमों के तहत 7.5 लाख रुपये तक के लोन पर 'क्रेडिट गारंटी फंड स्कीम फॉर एजुकेशन लोन्स' के जरिए 75 प्रतिशत रकम की गारंटी मिलती है। एक अधिकारी ने ख्रब्र को बताया कि इस बारे में शुरुआती बातचीत हो चुकी है। मंत्रालयों के बीच आपस में चर्चा होने के बाद ही इस पर कोई फैसला लिया जाएगा। इससे बैंक शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा लोन देने के लिए प्रोत्साहित होंगे। सरकार कुछ और प्रस्तावों पर भी गौर कर रही है। जैसे कि गारंटी वाले लोन में 'को-एप्लीकेंट' की जरूरत को खत्म करना। साथ ही, उन सभी छात्रों को ऐसे लोन देना जिन्होंने नैशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल जैसे संस्थानों से मान्यता प्राप्त कॉलेज में मेरिट के आधार पर एडमिशन लिया है। 7.5 लाख (बिना गारंटी वाला लोन)। संसदीय समिति ने 20 लाख करने का सुझाव दिया है। कुल लोनः मार्च 2025 तक 46,674 करोड़ रुपये के लोन की गारंटी दी गई। मंजूरीः वित्त वर्ष 2026 में 3.8 लाख से ज्यादा लोन मंजूर हुए। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2025 तक ष्ठत्रस्नस्श्वरु के तहत 46,674 करोड़ रुपये के 11.8 लाख से ज्यादा लोन खातों को गारंटी दी जा चुकी है। एफवाय25 के गारंटी वाले लोन की रकम में 9.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। एफवाय26 में 3.8 लाख से ज्यादा एजुकेशन लोन मंजूर हुए।

### क्या है योजना

साल 2024 में सरकार ने पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की थी। यह बिना किसी गारंटी और गारंटर के 7.5 लाख तक का एजुकेशन लोन है। यह उन छात्रों को मिलता है जिन्होंने देश के 952 चुनिंदा बेहतरीन संस्थानों में मेरिट के आधार पर एडमिशन लिया है। दिसंबर 2025 में एक संसदीय समिति ने सिफारिश की थी कि ष्ठत्रस्नस्श्वरु की गारंटी सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया जाना चाहिए।

# ईरान युद्ध के बीच सरकार ने दो महीने में जुटाए 20,000 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध के बीच सरकार ने इस फाइनेंशियल ईयर के पहले दो महीने में विनिवेश और एसेट की बिक्री से लगभग 20,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण कच्चे तेल और फर्टिलाइजर्स की कीमत में काफी तेजी आई है। इससे सरकार का सब्सिडी का खर्च बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार गैर-टैक्स रेवेन्यू के जरिए संसाधन जुटाने की अपनी रणनीति पर काम कर रही है। अब तक जुटाया गया फंड पूरे साल के टारगेट का लगभग 25 प्रतिशत है। सरकार ने इस साल 80,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है।

खाद मंत्रालय ने मौजूदा फाइनेंशियल ईयर में सब्सिडी को दोगुना करने की मांग की है। फर्टिलाइजर्स के लिए इस साल बजट में 1.7 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी का प्रावधान किया गया था। साथ ही सरकार घरेलू कंपनियों को भी खाद का उत्पादन बढ़ाने के लिए कह रही है।



ईरान युद्ध के कारण जहाजों की उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है और कई खाद सप्लायर बाजार से हट रहे हैं।

इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के असर को कम करने के लिए केंद्र ने सरकारी तेल कंपनियों को 1.2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी है। इसमें एक्साइज ड्यूटी में कटौती भी शामिल है। तेल कंपनियों ने हाल में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतें बढ़ाई हैं। आगे भी किस्तों में कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। साथ ही केंद्र को गैस सिलेंडर के लिए भी सब्सिडी देनी होगी क्योंकि तेल कंपनियों को अब भी रोजाना करीब 700 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अभी खर्च में कटौती या बदलाव की कोई योजना नहीं है, लेकिन मॉनसून सत्र के दौरान अतिरिक्त खर्च के लिए संसद की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेवेन्यू और खर्च के मोर्चे पर स्थिति जुलाई के मध्य में साफ होगी, जब पहली तिमाही के आंकड़े उपलब्ध होंगे। अधिकारी ने कहा कि अभी हमारे खर्च की योजनाओं की समीक्षा करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि बजट पेश करते समय हमने ग्लोबल अनिश्चितता को ध्यान में रखा था।

### कैसे जुटाया पैसा

लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पैदा हुई समस्याओं के कारण सरकार विनिवेश और एसेट मोनेटाइजेशन के जरिए और फंड जुटाने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण स्थिति की समीक्षा कर रही हैं। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मोनेटाइजेशन और डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के पास न केवल पूरे साल के लिए बल्कि मध्यम अवधि के लिए भी योजनाएं तैयार हैं। इस फाइनेंशियल ईयर में अब तक विनिवेश के जरिए 12,166 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। इसी तरह एसेट मोनेटाइजेशन से 6,367 करोड़ रुपये आए हैं। सेंट्रल बैंक, कोल इंडिया और एनएचपीसी में ऑफर-फॉर-सेल से पैसा जुटाया गया है।

# हवाई सफर करने वालों को बड़ा झटका! सीधे 10 प्रतिशत महंगा हुआ एटीएफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में हवाई यात्रा करने वालों और एयरलाइन कंपनियों के लिए एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सरकारी तेल कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी विमान ईंधन की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही सरकार ने एयरलाइंस को राहत देने के लिए एक नई प्राइस स्टेबलाइजेशन योजना भी शुरू की है, जिसके तहत एयरलाइंस चाहें तो अगले तीन साल तक के लिए ईंधन की कीमत तय कर सकती हैं। इस कदम का मकसद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आने वाले उतार-चढ़ाव से एयरलाइंस को बचाना है। नई दरों के अनुसार, दिल्ली में कीमत बढ़कर लगभग 115 प्रति लीटर हो गई है, जबकि पहले यह करीब 104.93 प्रति लीटर थी, यानी एयरलाइंस को अब हर लीटर ईंधन पर ज्यादा खर्च करना होगा। विमानन उद्योग में सबसे बड़ा खर्च माना जाता है और यह किसी भी एयरलाइन की कुल ऑपरेशन कॉस्ट का लगभग 35 प्रतिशत से 40 प्रतिशत हिस्सा होता है।

# सोना 4,300 लुढ़का, चांदी में 10,000 की गिरावट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संकट गहराने से आज सोने और चांदी की कीमत में आज गिरावट आई है। एमसीएक्स पर शुरुआती कारोबार में चांदी की कीमत में करीब 5,000 रुपये की गिरावट आई है जबकि सोना भी 2,900 रुपये सस्ता हुआ है। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच फिर घमासान शुरू हो गया है। इससे कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई है और महंगाई बढ़ने तथा ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बने रहने का खतरा है। यही कारण है कि सोने और चांदी की कीमत में गिरावट आई है।

एमसीएक्स पर 5 अगस्त को डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 152443 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था और आज यह 1,49,926 रुपये पर ओपन हुआ। शुरुआती कारोबार में यह 2,943 रुपये की गिरावट के साथ 1,49,500 रुपये तक गिरा। सुबह 10.20 बजे यह 2593 रुपये यानी 1.7 फीसदी गिरावट के साथ 1,49,850 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह 3 जुलाई वाली चांदी पिछले सत्र में 2,38,528 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी और आज 2,34,009 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 5,128 रुपये की गिरावट के साथ 2,33,400 रुपये तक गिरा।

### सर्राफा बाजार का हाल

सर्राफा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में काफी गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 4,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,48,860 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। 22 कैरेट वाले सोने की कीमत में 3,950 रुपये की गिरावट आई है और यह 1,36,450 रुपये पर आ गया। 18 कैरेट वाला सोना भी 3,230 रुपये की गिरावट के साथ 1,11,640 रुपये पर है। चांदी 10,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,50,000 रुपये पर आ गया।

# टैस चोरी मामले में अनिल अंबानी के खिलाफ नहीं होगी कोई दंडात्मक कार्रवाई, अदालत से मिली राहत



**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने काला धन अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली उद्योगपति अनिल अंबानी की याचिका को स्वीकार करते हुए उन्हें कथित कर चोरी मामले में अभियोजन और जुर्माने जैसी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत दे दी है। अंबानी ने अपनी याचिका में कहा कि (अघोषित विदेशी आय और परिसंपत्तियां) तथा कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के कुछ प्रावधान संविधान के अल्ट्रा वायर्स (अर्थात संविधान के अधिकार क्षेत्र से परे/विरोधी) हैं। नीवाला की पीठ ने मंगलवार को अंबानी की याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि इस अधिनियम के खिलाफ उच्च न्यायालय में अन्य याचिकाएं भी लंबित हैं। इस पर अंतिम सुनवाई उचित समय पर की जाएगी। अदालत ने केंद्र सरकार को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि अंबानी के खिलाफ पहले ही आकलन आदेश पारित किया जा चुका है और उन्होंने आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की है। अदालत ने कहा, उक्त अपील आगे बढ़ सकती है और उस पर आदेश पारित किए जा सकते हैं।

# एफडी पर सबसे ज्यादा याज दे रहा एसबीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप अपने पैसे को सुरक्षित रखते हुए अच्छा रिटर्न कमाना चाहते हैं, तो फिक्स्ड डिपॉजिट आज भी सबसे भरोसेमंद निवेश



विकल्पों में से एक माना जाता है। खासकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफडी एक ऐसा निवेश है, जहां जोखिम कम होता है और तय ब्याज के साथ नियमित आय की सुविधा मिलती है। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसके बावजूद देश के बड़े बैंक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए आकर्षक एफडी ब्याज दरें ऑफर कर रहे हैं। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक की बात करें तो यह सामान्य ग्राहकों को 3.05 प्रतिशत से 6.45 प्रतिशत तक और वरिष्ठ नागरिकों को 3.55 प्रतिशत से 6.90 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। लोकप्रिय अमृत वृष्टि योजना भी निवेशकों के बीच काफी पसंद की जा रही है। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में शामिल अपने ग्राहकों को 2.75 प्रतिशत से 6.50 प्रतिशत तक और वरिष्ठ नागरिकों को 3.25 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक ब्याज दे रहा है। बैंक की सबसे ज्यादा ब्याज दर 3 साल 1 दिन से लेकर 4 साल 7 महीने से कम अवधि वाली एफडी पर मिल रही है।

# सुंदर पिचाई की नेटवर्थ 1.6 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई का आज जन्मदिन है। वह 54 साल के हो गए हैं। उनका जन्म 10 जून 1972 को हुआ था। भारतीय मूल के पिचाई 2004 में गूगल से जुड़े थे। वह कंपनी में तेजी से आगे बढ़े। 2015 में कंपनी का सीईओ बनने से पहले के 11 सालों में उन्हें चार बार प्रमोशन मिला। हाल ही में अल्फाबेट (गूगल की पैरेंट कंपनी) के बोर्ड ने सुंदर पिचाई के लिए एक नया 3-साल का परफॉर्मेंस-लिंक्ड इंसेंटिव पैकेज मंजूर किया है। इसके तहत वह अगले 3 सालों में 69.2 करोड़ डॉलर (लगभग 5,700 करोड़ रुपये से अधिक) तक कमा सकते हैं। हालांकि, पिचाई के पैकेज का एक बड़ा हिस्सा 'परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स' के रूप में है। इनकी अंतिम कीमत मुख्य रूप से इस बात पर निर्भर करती है कि मूल कंपनी 'अल्फाबेट' शेयरधारकों के लिए कैसा प्रदर्शन करती है। पिछले दशक में सुंदर पिचाई के नेतृत्व में गूगल का मार्केट




कैपिटलाइजेशन लगभग सात गुना बढ़कर 535 डॉलर अरब से 3.6 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। इस साल जनवरी में इसने कुछ समय के लिए 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा भी पार किया था। फोर्ब्स रियल-टाइम बिलियनेयर्स के अनुसार, 9 जून 2026 तक सुंदर पिचाई की नेटवर्थ 1.6 अरब डॉलर (लगभग 15,265 करोड़)थी। सालों में गूगल की वैल्यूएशन में हुई जबरदस्त बढ़ोतरी ने पिचाई की निजी संपत्ति को काफी बढ़ाया है। इससे मैकिन्से एंड कंपनी के पूर्व कंसल्टेंट रहे पिचाई अरबपति बन गए हैं। चूंकि उनके नए वेतन-पैकेज का ज्यादा हिस्सा स्टॉक के रूप में है। इसलिए इसे तब तक उनकी नेट वर्थ में नहीं गिना जाएगा जब तक कि यह 'वेस्ट' न हो जाए। इसकी कोई तत्काल या नकद में बदली जा सकने वाली कीमत नहीं होती। आमतौर पर कर्मचारी के कंपनी छोड़ने पर इसे जब्त कर लिया जाता है।

एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, पिचाई को अभी 20 लाख डॉलर का सालाना वेतन मिलता है। उन्हें आखिरी बार दिसंबर 2022 में 21.80 करोड़ डॉलर का स्टॉक अवॉर्ड मिला था। इसे हालिया वेतन-पैकेज की तरह ही तैयार किया गया था। इन स्टॉक-आधारित अवॉर्ड्स के अलावा, कंपनी की ओर से उनकी निजी सुरक्षा से जुड़े खर्चों को उठाने से भी उनकी कमाई बढ़ती है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में ये निजी सुरक्षा खर्च बढ़कर 83 लाख डॉलर हो गए। रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, पिचाई और उनकी पत्नी अंजलि के पास कुल मिलाकर करीब 16.7 लाख गूगल शेयर हैं।

सुंदर पिचाई का असली नाम पिचाई सुंदरराजन है। वह चेन्नई में पले-बढ़े। उनके पिता एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। उनकी मां उनके और उनके छोटे भाई के जन्म से पहले स्टेनोग्राफर के तौर पर काम करती थीं। गूगल के चीफ एग्जीक्यूटिव ने खड़गपुर से मेटलर्जिकल और मटीरियल्स इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। 1993 में पिचाई अमेरिका चले गए। स्टैनफोर्ड से मास्टर डिग्री हासिल की। बाद में उन्होंने डिग्री के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया के व्हार्टन स्कूल में पढ़ाई की। जब वह 2004 में गूगल से जुड़े तो उन्होंने प्रोडक्ट मैनेजमेंट के तौर पर शुरुआत की।

# सीएमआर ग्रीन आईपीओ की धमाकेदार लिस्टिंग, 43 प्रतिशत प्रीमियम पर हुआ डेयू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज आईपीओ की बुधवार को शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई। कंपनी के शेयरों ने अपने आईपीओ इश्यू प्राइस के मुकाबले 43 प्रतिशत के तगड़े प्रीमियम के साथ बाजार में शुरुआत की। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 192 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले 275.40 रुपये पर ओपन हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इसकी लिस्टिंग 268 रुपये पर हुई, जो आईपीओ प्राइस से 40 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि बाद में निवेशकों ने मुनाफावसूली भी शुरू कर दी, जिससे इसकी कीमत में 8 प्रतिशत से ज्यादा तक की गिरावट आ गई। इस आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था और यह कुल 127.07 गुना सब्सक्राइब हुआ था, जिसने इसे इस साल के सबसे लोकप्रिय पब्लिक इश्यूज में से एक बना दिया। क्यूआईबी कैटेगरीः संस्थागत निवेशकों ने इसमें सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई और यह हिस्सा 270.46 गुना भरा। गैर-संस्थागत निवेशकों का सेगमेंट 172.35 गुना बुक हुआ। खुदरा निवेशकों के हिस्से को 27.08 गुना बोलियां मिलीं।

### मुकेश अंबानी और मार्क जुकरबर्ग की नई साझेदारी, रिलायंस के शेयर चमके

# बनाएंगे भारत का पहला एआई डेटा सेंटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के शेयर बाजारों में की वजह से पिछड़ रहे भारत के लिए गुड न्यूज है। मुकेश अंबानी और मार्क जुकरबर्ग की नई साझेदारी से भारत में पहला एआई से लैस डेटा सेंटर स्थापित होने जा रहा है। इस खबर के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर शुरुआती कारोबार में ही 1.53 प्रतिशत चढ़कर 1289 रुपये पर पहुंच गए।

सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेक्टर की दिग्गज कंपनी ने भारत में अपना पहला एआई से लैस डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ साझेदारी की है। यह प्रोजेक्ट गुजरात के जामनगर में विकसित की जाएगी और इसे भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज 168 मेगावाट क्षमता वाला अत्याधुनिक डेटा सेंटर विकसित करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। भविष्य में इसकी क्षमता को और बढ़ाने का विकल्प भी मौजूद रहेगा।




मनीकंट्रोल की खबर के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत रिलायंस डेटा सेंटर की डिजाइनिंग, निर्माण, बिजली और यूटिलिटी मैनेजमेंट, रिन्यूअल एनर्जी सप्लाई, नेटवर्क कनेक्टिविटी और मैनेज्ड सर्विसेज जैसी सभी सेवाएं उपलब्ध कराएगी। यह साझेदारी के बीच पहले से मौजूद रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करेगी। दोनों कंपनियां पहले भी भारत और कुछ अंतराष्ट्रीय बाजारों के लिए एआई आधारित एंटरप्राइज सर्सॉल्यूशन विकसित करने के लिए संयुक्त रूप से काम कर चुकी हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि यह साझेदारी भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण है। उन्होंने कहा, मेटा जैसी ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी के लिए भारत का पहला विशेष एआई डेटा सेंटर बनाना इस बात का प्रमाण है कि भारत वैश्विक एआई क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। जामनगर भविष्य में हाइपरस्केल एआई कंप्यूटिंग का प्रमुख केंद्र बनेगा। संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि कंपनी भारत में अपना पहला एआई-सक्षम डेटा सेंटर स्थापित करने को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा, 'जामनगर में बनने वाली यह विश्वस्तरीय सुविधा हमारी वैश्विक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमता को मजबूत करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था में हमारे दीर्घकालिक निवेश को और गहरा बनाएगी। दुनियाभर में एआई तकनीक को लेकर प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। ऐसे समय में मेटा का भारत में एआई डेटा सेंटर स्थापित करने का फैसला देश को वैश्विक एआई इकोसिस्टम में मजबूत स्थिति दिला सकता है।

# दुबई में घर खरीदना हुआ आसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप यूएई में रहते हैं और दुबई में अपना पहला घर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। सरकार ने पहली बार घर खरीदने वालों के लिए एक विशेष योजना शुरू की है, जिसके तहत संपत्ति खरीदना पहले की तुलना में अधिक आसान और किफायती हो गया है।

खबर के मुताबिक दुबई लैंड डिपार्टमेंट और अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग द्वारा शुरू की गई। उद्देश्य यूएई निवासियों को घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत घर खरीदारों को विशेष छूट, आसान भुगतान विकल्प और बेहतर होम लोन सुविधाएं मिलती हैं। जुलाई 2025 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक 3,200 से अधिक लोगों ने दुबई में अपना पहला घर खरीदा है। इन लेनदेन का कुल मूल्य 5 अरब दिरहम से अधिक बताया गया है। पहली बार घर खरीदने वाले लोगों को कई विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। जैसे, नई लॉन्च होने वाली परियोजनाओं में



प्राथमिकता। ऑफ-प्लान (निर्माणाधीन) प्रॉपर्टी पर विशेष कीमतें, आसान भुगतान योजनाएं, रजिस्ट्रेशन फीस पर ब्याज-मुक्त किस्तों की सुविधा और कम ब्याज दरों पर होम लोन, बैंकों और डेवलपर्स की अतिरिक्त विशेष ऑफर्स। योजना में दुबई के 22 बड़े रियल एस्टेट डेवलपर्स शामिल हैं। इनमें एमार, नखील, मेरास, डामैक, अजीजी, डेन्यूब, दुबई प्रॉपर्टीज, एलिंगटन, समाना, अराडा और माजिद अल फुत्तैम जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। योजना में शामिल अमीरात प्रमुख बैंक हैं। ये बैंक विशेष ब्याज दरों और तेज मंजूरी प्रक्रिया के साथ होम फाइनेंस उपलब्ध कराते हैं। इस योजना के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को निम्न शर्तें पूरी करनी होंगी। यूएई का निवासी होना चाहिए। आयु कम से कम 18 वर्ष हो। दुबई में कोई फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति पहले से न हो।

## बाइच के रहु



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

बाइच के रहु भाइ
चरका कुरता बाज से,
जाति धरम बाटे लाइग हैं
गरीब जनता समाज के,
बाइच के रहु भाइ
चरका कुरता बाज से।

कतनो पढ़ल लिखल हामरे
अगुवा उड़न बाज,
अबर कर जमीन लुटथैं
सीधा दिखवा रंगबाज।

चाइरो अंगरी घिवें लटपट
टेक्स भरूवाथैं कंकाल से,
उठाय इतिहास देखु खोजु
हजारो नाम मिलेल इ
दगाबाज के।

पांच बरिस तक दरसन नइ
जाहां से जाहैं फिता-
विता काइट,
कागजे पानी बहथे,बरे
सगरे लाइट!
छोड़ु पोउरछेक मांदर
नगरा ढांक से
डर लागेला देखी इसन
बिकास के !!

बाइच के रहु भाइ
चरका कुरता बाज से,
जाति धरम बाटे लाइग हैं
गरीब जनता समाज के,
बाइच के रहु भाइ
चरका कुरता बाज से।



# कश्मीर दौरा में संजय सेठ जवानमन कर संगे करलयं योग




**पौधारोपन कइर के पर्याबरन संरछन आउर सतत बिकास कर प्रतिबद्धता दोहरालयं**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आपन कश्मीर दौरा कर दूसर दिन आध्यात्म, स्वच्छता, पर्याबरन संरछन आउर स्वास्थ्य से जुड़ल बिभिन्न कार्जकरम में भाग लेते रास्ट्र निरमान कर प्रति आपन प्रतिबद्धता बेक्त करलयं। आपन दौरा कर सुरुआत में श्री सेठ श्री शंकराचार्य मंदिर में भगवान महादेव कर पूजा आराधना करलयं। श्रीनगर इस्थित पवित्र हजरतबल दरगाह में पहुंइच के देस कर सांति, समरिधि आउर निरंतर प्रगति ले बिसेस प्रार्थना करलयं। ई अवसर में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड कर अध्यछ डॉ. सैयद दरख्शांद अंद्राबी आउर हजरतबल दरगाह कर मुध इमाम श्री रियाजुल हक उनकर संगे उपस्थित रहयं। प्रार्थना कर बाद रक्षा राज्य मंत्री दरगाह परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लेलयं। राष्ट्रव्यापी पर्याबरनीय पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान कर अंतर्गत दरगाह परिसर में पौधारोपन कइर के पर्याबरन संरछन आउर सतत बिकास कर प्रति आपन प्रतिबद्धता दोहरालयं।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चिनार कोर कर अधिकारीमन आउर जवानमन कर संगे ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर कर सांत आउर प्राकृतिक वादी कर बीच आयोजित योग सत्र में भाग लेलयं। छावनी छेतर कर हरित परिसर में आयोजित ई योग सत्र भारतीय ससस्त्र बल



द्वारा सैनिकमन कर समग्र स्वास्थ्य आउर मानसिक सुदृढ़ता के देवल जायेक वाला महत के रेखांकित करलयं।

योग सत्र कर बाद श्री सेठ छावनी छेतर इस्थित ऐतिहासिक पांद्रेथन मंदिर (पानी मंदिर) में दरसन आउर पूजा-अर्चना करलयं। भगवान शिव के समर्पित ई प्राचीन मंदिर कश्मीर कर समरिध स्कृतिक आउर आध्यात्मिक बिरासत कर महतपूर्न प्रतीक आहे। मंदिर परिसर में आयोजित पूजा कर दौरान ऊ देस कर सुख-समरिध आउर सांति ले प्रार्थना करलयं। ऊ कहलयं कि भारत कर बिबिध सांस्कृतिक आउर धार्मिक परंपरा कर सम्मान ही रास्ट्रीय एकता कर सउबसे बड़ सक्ति आहे। दौरा कर समापन में रक्षा राज्य मंत्री मंदिर परिसर में पौधारोपन करलयं। ई पहल पर्याबरन संरछन आउर आध्यात्मिक मूल्य कर समन्वय कर प्रतीक आहे आउर आवेक वाला पीढ़िमन ले एगो हरित आउर सतत भविस कर निरमान कर संदेस देवेला।











# युवा संगम कार्जकरम कर तहत आंध्र प्रदेश कर प्रतिनिधिमंडल कर महाराष्ट्र दौरा

## प्रतिनिधिमंडल आदर्श गांव अदाचीवाड़ी कर भी दौरा करलक

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय कर उच्च शिक्षा बिभाग द्वारा संचालित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्जकरम कर अंतर्गत 'युवा संगम' कर छठवां चरन कार्जकरम कर अंतर्गत तिरुपति इस्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कर नेतृत्व में आंध्र प्रदेश कर एगो प्रतिनिधिमंडल पुणे इस्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान-आईआईएसईआर कर दौरा करलक। पांच दिन कर कार्जकरम में प्रतिभागीमन के महाराष्ट्र कर समरिध सांस्कृतिक बिरासत, सैछिक उत्कृस्टता, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र आउर बिकासात्मक उपलब्धि कर अनुभव प्राप्त करेक कर अवसर मिललक।

आंध्र प्रदेश कर प्रतिनिधिमंडल 8 जून 2026 के मुंबई कर लोक भवन में महाराष्ट्र कर राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मोलाकात करलयं। राज्यपाल नेतृत्व, रास्ट्र निरमान आउर रास्ट्रीय एकता उपरे आपन बिचार बेक्त करलयं। प्रतिभागीमन कर संगे उनकर संवाद में भारत कर बिबिध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के समझेक आउर उकर सराहना करेक कर महत उपरे जोर देल गेलक। इकर से प्रतिभागीमन के सासन आउर लोक सेवा कर बारे में लाभप्रद जानकारी मिललक।

कार्जकरम कर दौरान प्रतिनिधिमंडल 5 जून 2026 के महाराष्ट्र कर सांस्कृतिक, आध्यात्मिक आउर ग्रामीन परिदृश्य कर ज्ञानबर्धक जातरा करलयं। दिन सगर चलेक वाला गतिबिधि पर्यटन, प्रगति आउर पारस्परिक संपर्क उपरे आधारित रहे। प्रतिभागीमन महाराष्ट्र कर मुध आध्यात्मिक आउर सांस्कृतिक ठांव में से एक, जेजुरी इस्थित ऐतिहासिक खंडोबा मंदिर कर दरसन करलयं।

प्रतिनिधिमंडल आदर्श गांव अदाचीवाड़ी कर भी दौरा करलयं, जहां ऊ सरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य आउर ग्रामीनमन से गोठियालयं। गोठियायेक कर पांइत उनके जमीनी स्तर कर सासन, ग्रामीन बिकास पहल, सामुदायिक भागीदारी आउर ग्राम-आधारित बदलाव संबंधी जानकारी भेंटालक। इकर से प्रतिभागीमन के सतत आउर समावेसी बिकास कर प्रत्यछ अनुभव भेंटालक।

आंध्र प्रदेश कर प्रतिनिधिमन डेक्कन कॉलेज कर प्रोफेसर सोनल कुलकर्णी जोशी द्वारा आयोजित बिसेस भासा सत्र में भी भाग लेलयं, जेकर में ऊ महाराष्ट्र कर भासाई बिरासत आउर सांस्कृतिक बिबिधता से परिचित होलयं। कार्जकरम में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल आउर शहरी विकास राज्य मंत्री श्रीमती माधुरी ताई मिसल कर संगे सार्थक संवाद भी सामिल रहे।

श्री पाटिल महाराष्ट्र कर अनूठा समरिध परंपरा कर अनुभव प्राप्त करेक आउर रास्ट्र के एकजुट बनायेक वाला साझा सांस्कृतिक मूल्य के समझेक ले प्रोत्साहित करलयं। श्रीमती मिसल सहरी बिकास उपरे आपन बिचार साझा करते प्रतिभागीमन के आपन जड़र आउर मूल्य से जुड़ल रइह के उत्कृस्टता हासिल करेक ले प्रेरित करलयं।

# डालसा नगड़ी परखंड में विधिक जागरुकता कार्जकरम करलक आयोजित

**जोजनामन कर लाभ सउब के दिलायेक उद्देस**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी परखंड कर बालालौंग में विधिक जागरुकता कार्जकरम कर आयोजन 10 जून के करल गेलक। ई अवसर में पीएलवी पंकज कुमार, फुलकुमारी देवी, रीता महली, अमित बड़ाईक आउर ग्रामीनमन में उगन देवी, पेरो देवी, लिलावती देवी, संगीता देवी, बेबी देवी, सुप्रिया देवी, सुगिया देवी, सुवती देवी, मधुरी देवी, किरण देवी, सीता देवी, रानी देवी संगे आउर अदमीमन पहुंचल रहयं।

डालसा कर पीएलवी पंकज कुमार नालसा आउर झालसा द्वारा संचालित जोजना कर बारे में सउब के जानकारी देलयं। ऊ डालसा, रांची से मिलेक वाला सुबिधा कर बारे में भी बिस्तार से बतालयं। फुलकुमारी देवी लोक आदालत आउर मध्यस्थता उपरे फोकस करलयं आउर सउब के आपन वाद कर निस्तारन मध्यस्थता कर माध्यम से करुवायेक कर सलाह देलयं।

रीता महली बाल बिहा, बाल श्रम आउर डायन बिसाही उपरे जानकारी देलयं। अमित बड़ाई पीड़ित मुआवजा आउर मोटर वाहन दुर्घटना में मिलेक वाला मुआवजा कर बारे में जानकारी देलयं। डालसा कर पीएलवी नालसा टॉल फ्री नम्बर-15100 कर बारे में भी बतालयं।

पीएलवी सउब के 12 सितंबर के आयोजित होवेक वाला रास्ट्रीय लोक अदालत कर भी जानकारी देलयं। अंत में विधिक सेवा से संबंधित लिफलेट आउर पम्पलेट कर बितरन भी करल गेलक।









## छौवा केतना लोभाय



डॉ लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, (तपकरा)

निरखी मन मोहे
बाल चंचल रूप
देखी मांय कर
बिसराय सभे दुख
बाल किलोल करी
सबके रिझाय
नैनतारा मांय कर
केतना लोभाय।। ध्रु।।

सभे अंग मनोहर
चांद के टुकड़ा
नैन संगे जुड़ावत
अधर मुखड़ा
चंचल चित परे
मन के मोहाय
नैनतारा मांय कर
केतना लोभाय।। 1।।

जाय के अंचरा तरे
अति शोभा दाय
तिरछी नयना हेरि
मुंह बिचकाय
हांसी हांसी दुईये दांते
अंगरी चबाय
नैनतारा मांय कर
केतना लोभाय।। 2।।

तोतली मधुर बोली
मन हरसाय
अंगरी धईर *नारायण*
चलेक सिखाय
धईन जेकर कोरा में
चांद रे समाय
नैनतारा मांय कर
केतना लोभाय।। 3।।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com